संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 17 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



भारतीय आर्थिक सेवा के प्रवोशनर्स अधिकारियों के बैच 2022-2023 की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ बैठक हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 105 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं।
-भागवद गीता

## मन की बात



जो कुछ भी तुम्हें कमजोर बनाता है- शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक, उसे जहर की तरह त्याग दो। -स्वामी विवेकानंद

# आंखें दिखाने वाले कटोरा लिए घूम रहे: पीएम

= बिहार और पूर्णिया के पास सामर्थ्य की कमी कमी नहीं रही, यहां का किसान मक्का, जूट, मखाने की खेती भी खूब करते है, बीते 10 साल में जूट की एमएसपी बढ़ाई है: पीएम

**उपलब्धियां गिनाई**

8 भाजपा के शीर्ष नेता ने कहा कि एनडीए सरकार मखाने को सुपर फूड के रूप में प्रमोट कर रही है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्णिया:** बिहार का पूर्णिया कृषि उत्पादन जिला है। जहां लगभग 70 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी हुई है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को साधने की कोशिश की है। साथ ही पीएम मोदी ने किसानों की बड़ी-बड़ी उपलब्धियां गिनाईं। हालांकि पीएम ने युवाओं के लिए रोजगार पर बात नहीं की। पीएम ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा बिहार और पूर्णिया के पास सामर्थ्य की कभी कमी नहीं रही। यहां का किसान मक्का, जूट, मखाने की खेती भी खूब करते है। बीते 10 साल में जूट की एमएसपी बढ़ाई है। देश का 30 फीसदी मखाना पूर्णिया के किसान पैदा करते हैं। भाजपा के शीर्ष नेता ने कहा कि एनडीए सरकार मखाने को सुपर फूड के रूप में प्रमोट कर रही है। मोटे अनाज का दुनियाभर में प्रमोशन किया। जी20 में दुनियाभर के मेहमानों को मोटा अनाज खिलाया, जिसे श्रीअनाज कहा। इसका फायदा किसानों तक पहुंच रहा है। देश का पहला ग्रीन फील्ड एथनॉल प्लांट पूर्णिया में लगाया गया है, जिसका सीएम नीतीश ने उद्घाटन किया था। पीएम ने इस दौरान आरजेडी और इंडिया गठबंधन पर भी जमकर निशाना साधा। नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि घमंडिया (इंडिया) गठबंधन के लोग सनातन को मिटाने में लगे हैं, जिसको किसी ने नहीं पूछा हम उनको पूज रहे हैं। हम भ्रष्टाचार को मिटाने में लगे हैं और वे बचाने में लगे हैं। भ्रष्टाचार के ठिकाने को बचाने के लिए सभी एक हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले देश में जवानों की शहादत होती थी। आपको गुस्सा आता था, इन्हें घर में घुसकर मारो। आज जो देश हमें आंखें दिखाता था वह अब कटोरा लेकर भटक रहा है। विपक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान बदलने का कह रहे हैं, उन्होंने कई दशकों तक काम किया। लेकिन वे कभी बाबा साहेब का संविधान कश्मीर में लागू नहीं करवा पाए। ये मोदी है, आज जम्मू-कश्मीर में भी संविधान आन-बान और शान से लागू हो गया। ये कहते थे कि 370 हटी तो कश्मीर में आग लग जाएगी। आज आर्टिकल-370 का एंड हो चुका है। भारत को बांटने वालों को जलन हो रही है। ये लोग राम मंदिर के लिए भी यही कहते थे। राम मंदिर बना तो देश में आग लग जाएगी। आज राम मंदिर दुनिया में भारत का गौरव है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने गया के गांधी मैदान की रैली की तरह पूर्णिया की रैली में भी युवाओं के लिए रोजगार पर कोई बात नहीं की। अमर उजाला के सत्ता के संग्राम कार्यक्रम में युवाओं ने इस पर असंतोष भी जाहिर किया है।




## 'लालटेन का राज रहता तो मोबाइल की बैट्री भी चार्ज नहीं होती'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि देश को मजबूत फैसला लेने वाली सरकार की जरूरत है। उन्होंने गया से जीतन राम मांझी और औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह को जिताने की अपील की। उन्होंने मांझी को राजनीति का बड़ा दलित चेहरा बताया और सिंह को भाजपा का वरिष्ठ सांसद बताते हुए दोनों की जीत की अपील की। उन्होंने कहा कि लालटेन का राज रहता तो मोबाइल की बैट्री भी आज चार्ज नहीं होती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा में अपनी बातों की शुरूआत रामनवमी, राम मंदिर और नवरात्र से की। उन्होंने कहा- सूर्य की किरणें कल अयोध्या में रामलला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेंगी। घमंडिया गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से भी परेशानी है। जो भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, वह आज अजीब बातें कर रहे हैं। एक समुदाय के तुष्टीकरण के लिए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। यह हमारे देश का संस्कार नहीं है। यह हमारे देश की परंपरा नहीं है। इस घमंडिया के एक नेता तो खुलेआम कहते है कि वह हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। आज नवरात्र का पावन पर्व है।

## कांग्रेस-राजद को निशाने पर लेकर अपनी गारंटी दी



**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक गरीबों को रोटी-मकान के सपने दिखाए और चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए एनडीए सरकार ने। हमारे साथी जीतन राम मांझी साक्षी हैं कि कैसे दलितों, वंचितों और पिछड़ों के नाम पर कांग्रेस और राजद ने सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा है। दलितों-वंचितों-पिछड़ों को अधिकार और सम्मानपूर्ण जीवन एनडीए ने दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों के लिए मोदी का गारंटी कार्ड अपडेट हो गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ पक्के घर बनाए जाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के संकल्प पत्र में समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र के लिए विकास का रोड मैप बनाया गया है।

## सीमांचल और बिहार को हम पीछे नहीं रहने देंगे: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गया/पूर्णिया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा अपील की कि पोलिंग बूथ जीतना है। हर पोलिंग बूथ जीतना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उनका एक काम कर दें कि यहां से जाने के बाद घर-घर जाकर कहिए- हमारे मोदी जी आए थे, अपना प्रणाम पहुंचाने के लिए भेजा है। पीएम मोदी ने पूर्णिया से एनडीए उम्मीदवार संतोष कुमार और कटिहार से दुलाल चंद्र गोस्वामी को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने भारत माता के जयघोष के साथ अपनी बात खत्म की।



**बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ और बड़ी कार्रवाई होगी :** प्रधानमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाला सरकार की नजर में है। यही लोग राजनीति के लिए सीएए का विरोध कर रहे। आगे उन्होंने भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए बिहार की बात की। उन्होंने कहा कि आपने उस दौर को देखा होगा, जब बिहार में जंगलराज था। नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार बदला। महागठबंधन वाले लोग बिहार में महाजंगलराज की वापसी चाहते हैं। मोदी के रहते यह मुमकिन नहीं हैं। मैं कहता हूं कि भष्टाचार हटाओ तो ये कहते हैं भष्टाचार बढ़ाओ। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी। बोले- बिहार में भष्टाचार के विरोध में और बड़ी कर्रवाई होगी।

**पाकिस्तान और विपक्ष की हालत बताई :** प्रधानमंत्री ने उत्साहित भीड़ को अपने समर्थन में नारेबाजी से रोकते हुए कहा कि मेरी आवाज आपतक नहीं पहुंची तो सब बेकार हो जाएगा। उन्होंने विपक्ष से लेकर पाकिस्तान तक की हालत पर बात की। उन्होंने कहा कि पड़ोस के लोग हमला करने आ जाते थे। हमलोगो को गुस्सा आता था। कभी जो देश हमें आंखें दिखाता था, आज वह कटोरा लेकर घूम रहा है। उन्होंने इंडी एलांयस पर भी बात की। कहा कि भारत में रहकर यह लोग कहते है थे कि राम मंदिर बना तो देश में यह हो जाएगा, वह हो जाएगा।

## ये चुनाव लोकतंत्र-संविधान को बचाने के लिए है: गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**

**अजमेर:** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने अजमेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में शहर के आजाद पार्क में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान गहलोत ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। इससे पूर्व अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गहलोत का स्वागत माला व साफा पहनाकर किया गया।

## डराने धमकाने का काम कर रही है भाजपा सरकार: कमलनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**छिंदवाड़ा:** कमलनाथ ने कहा कि हमारा जिला पिछड़े जिले के रूप में पहचाना जाता था, जिससे उबरकर चहुंमुखी विकास की इबारत मैंने आप लोगों के सहयोग से ही लिखी है। छिंदवाड़ा को मैंने कभी निर्वाचन क्षेत्र या फिर एक जिला नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी मानी है, इसीलिये जब-जब यहां कोई संकट आया है तब-तब मैं उन परेशानियों को दूर करने के लिये आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा हूं और जो बन पड़ा वो सबकुछ किया हूं उक्त बातें पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहीं। यहां की जनता मेरे लिये मतदाता नहीं बल्कि मेरे दिल की धड़कन है। इन बातों को केवल आप समझ सकते हैं, क्योंकि गुजरे हुये 44 वर्षों में आप लोगों ने अपने बदलते व संवरते हुये छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना को देखा। आगे का सफर लम्बा है किन्तु इसे हम मिलकर तय करेंगे और विरोधियों के सारे षड्यंत्रों को विफल भी करेंगे। नाथ ने कहा कि पांढुर्ना और सौंसर में संतरे तो पहले भी होते थे, लेकिन उनके लिये बाजार सीमित था। बाहर से व्यापारी आकर औने-पौने दामों में फसल खरीदते थे।

## 'कांग्रेस ने राजस्थान के वोटर को गुमराह किया'

**निशाना साधा**

8 भ्रष्टाचार के गहलोत राज में कीर्तिमान बनें। मोदी फिर आएंगे और सबके प्रयास से विकसित भारत बनाएंगे: वित्त मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को जयपुर में आयोजित उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के चुनावी मुद्दों लेकर गहलोत सरकार पर भी निशाना साधा। पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चुनावी चंदे का पहले कोई सिस्टम नहीं था। कितना ही पैसा दो, सोना दो या फ्लैट दो कोई हिसाब किताब नहीं था। अब डोनेट करने वाले बैंक अकाउंट के जरिए पैसा दिया जाता है। अब अकाउंट से अकाउंट मनी ट्रांसफर होता है। सब पार्टियों ने इसका फायदा उठाया पर दोषारोपण सिर्फ भाजपा पर किया जा रहा है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे हटाने को कहा है। इसे घोटाला बताने वालों को सोचना चाहिए कि कांग्रेस ने राजस्थान के वोटर को गुमराह किया। भ्रष्टाचार के गहलोत राज में कीर्तिमान बनें। मोदी जी फिर आएंगे और सबके प्रयास से विकसित भारत बनाएंगे। इस दौरान राजस्थान के खास मुद्दे लेकर भी वित्तमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तकनीकी का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर बनाई जा रही है, जल्दी ही इसे लागू किया जाएगा।



## भाजपा ने चुनाव के लिए जारी की 12वीं सूची

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 7 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी 12वीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में महाराष्ट्र की एक, पश्चिम बंगाल की एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं। भाजपा ने इसके अलावा उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने इसके साथ ही ओडिशा में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। मंगलवार को जारी सूची के अनुसार भाजपा ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है।

## छत्तीसगढ़ में 29 नक्सली मारे गए

25-25 लाख के दो इनामी मारे गए, 3 जवान घायल; साढ़े 5 घंटे चली मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**कांकेर:** कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 29 दर्जन नक्सली मारे गए। वहीं दो जवानों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। छोटे बेठिया थानाक्षेत्र के माड़ इलाके में मुठभेड़ चल रही है। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त बल रवाना किया गया है। एसपी कल्याण एलिसेला ने इस पूरे मामले की जानकारी दी है। एंटी नक्सल आपरेशन में निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए है। कांकेर एसपी आइके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने की एसपी कल्याण एलीसेला ने की पुष्टि की है। एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव मारा गया है। शंकर राव 25 लाख का इनामी था। मुठभेड़ में 4 एके 47 रायफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गये हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताये जा रहे हैं। घायल जवानों को लाने के लिए चॉपर भेजा गया है। बता दें कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर में लोकसभा चुनाव होने हैं। उसके पहले ये बड़ी मुठभेड़ हुई है।



## लॉरेंस बिश्नोई को खत्म कर देंगे: सीएम शिंदे

**टीम एक्शन इंडिया**


**मुंबई:** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग होने के कुछ दिनों बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उनसे मिलने उनके घर गैलक्सी आपर्टमेंट पहुंचे। सीएम एकनाथ ने सलमान खान के साथ-साथ उनके पिता सलीम खान से भी मुलाकात की और घटना पर जानकारी ली। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही एक्टर के घर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई। सलमान खान से मिलने के बाद एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों से कहा 'मैंने सलमान खान से कहा है कि सरकार आपके साथ है, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जाएगी।

## पूर्व डीजीपी की बेटी कुहू को यूपीएससी में मिली 178वीं रैंक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: उत्तराखंड** के पूर्व डीजीपी और वर्तमान में हरियाणा के सोनीपत जिले में राई स्थित मोती लाल नेहरू खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक अग्रवाल की बेटी कुहू गर्ग को संघ लोक सेवा आयोग की यूपीएससी की परीक्षा में 178वीं रैंक हासिल हुई है। कुहू की इस सफलता से परिवार में प्रसन्नता का माहौल है। शुभचिंतकों की ओर से बधाई देने का तांता लगा हुआ है। कुहू इस सफलता से पहले खेल मैदान में भी सफलता के झंडे गाड़ती रही है। कुहू को खेलो में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 17 पदक मिले है। खेल के दौरान घुटने में चोट के चलते कुहू को ऑपरेशन से गुजरना पड़ा। इसके बाद कुहू ने यूपीएससी की आईपीएस परीक्षा की तैयारी की और सफलता हासिल की। यू पी एस सी परीक्षा का परिणाम मंगलवार को ही घोषित किया गया।

अशोक अग्रवाल हरियाणा के ही पानीपत जिले के गांव कुराना निवासी है। उत्तराखंड के डीजीपी पद पर रहते हुए अशोक अग्रवाल ने साइबर क्राइम को काबू करने के क्षेत्र में विशेष कार्य किया।उन्होंने इस विषय पर पुस्तक भी लिखी।भारतीय पुलिस सेवा के क्षेत्र में आने का फैसला उन्होंने कैसे किया,इस सवाल के जवाब में कुहू ने कहा कि इसके लिए उन्हें अपने पिता से प्रेरणा मिली। परीक्षा की तैयारी में भी उन्होंने मार्ग दर्शन किया।



**बधाईयों का तांता**

8 अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 17 पदक मिले है। खेल के दौरान घुटने में चोट के चलते कुहू को ऑपरेशन से गुजरना पड़ा

## सरकार बनने पर खत्म करेंगे अग्निपथ योजना: राहुल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी ने सेना भर्ती के लिए शुरू की गई 'अग्निपथ' योजना पर खास फोकस किया है। राहुल गांधी से लेकर पार्टी के दूसरे नेता, अपनी चुनावी रैलियों में 'अग्निपथ' योजना की कमियां गिना रहे हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस नेता, इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर भी लगातार मुखर हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, 'अग्निपथ' योजना, भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है, जिसे सेना पर थोप दिया गया है। दूसरी तरफ, कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल रोहित चौधरी ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'अग्निपथ' पर अस्पष्ट इसलिए हैं, क्योंकि भाजपा युवाओं को गुमराह करके सिर्फ लोकसभा चुनाव में वोट लेना चाहती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है।

### सेना में हर साल 40 हजार जवानों की कटौती

**कर्नल** रोहित चौधरी ने अग्निवीर बनाम नियमित सैनिक के बीच का अंतर बताते हुए कहा, एक ही यूनिट में व एक ही परिस्थिति में 'शहीद' होने पर/रिटायरमेंट होने पर, कई बातों में अंतर आ जाता है। 'सर्विस' के दौरान 'अग्निवीर सैनिक' को एक 'रेगुलर सैनिक' की तुलना में बहुत कुछ नहीं मिलता है। कर्नल रोहित चौधरी के अनुसार, सरकार ने कहा है कि सभी अग्निवीरों को चार साल बाद नौकरी देंगे। क्या सच में चार साल बाद अग्निवीरों को सरकारी नौकरी मिलेगी, यह एक बड़ा सवाल है।

**चुनावी समर**

कंगना रनौत में अपने इस चुनावी दौरे के दौरान हडिंबा मंदिर में शीश नवाजा तथा उसके बाद जनसभा को संबोधित किया

## कांग्रेस सरकार की बदौलत प्रदेश की हुई दुर्दशा: कंगना रनौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**हामिद/चंबा:** मंडी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत का चंबा जिला के मैहला पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया तथा कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी के साथ उन्हें मंदिर परिसर तक लाया गया। कंगना रनौत में अपने इस चुनावी दौरे के दौरान हडिंबा मंदिर में शीश नवाजा तथा उसके बाद एक जनसभा को संबोधित किया उन्होंने कांग्रेस पार्टी तथा कांग्रेस के मंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव में उतरे विक्रमादित्य पर भी कई निशाने साधे तथा उनकी कुछ पुरानी पोस्ट पर कमेंट भी किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में प्रदेश की बुरी दशा हुई है जहां सरकार हर क्षेत्र में नाकाम रही वहीं पर प्राकृतिक आपदा का भी प्रदेश को सामना करना पड़ा जिसमें प्रदेश का बहुत नुकसान हुआ तथा केंद्र सरकार द्वारा 1800 करोड रुपए इस आपदा के लिए जारी भी किए गए। चंबा के भरमौर तथा जिला के अनेक क्षेत्रों में नुकसान हुआ क्या उस समय इस लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सांसद चंबा दौरे पर आई। उन्होंने भरमौर क्षेत्र की सडकों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते भी कई गांव ऐसे हैं जहां आज भी गर्भवती महिलाओं तथा मरीजों को पालकियों में उठाकर मुख्य मार्ग पर लाना पड़ रहा है जो बहुत विचलित करने वाला है । उन्होंने कहा कि आपके एक वोट की ताकत से इस मोदी लहर और मोदी क्रांति को और भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा की आप सभी मोदी के नाम पर अपना वोट मुझे देकर सफ ल बनाएं और मैं वादा करती हूं कि मैं हर समय आपकी सेवा में हाजिर रहूंगी तथा लोकसभा में भी भरमौर के ज्वलंत मुद्दों को उठाकर उन्हें पूरा करूंगी यह मेरा वादा है। उन्होंने कहा कि यह एक वोट मोदी जी के लिए है जिन्होंने अपने संकल्प पत्र में 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन अगले 5 सालों तक जारी रखने का वादा किया है।



**वोट की अपील**

8 प्रदेश की बुरी दशा हुई है जहां सरकार हर क्षेत्र में नाकाम रही, वहीं प्राकृतिक आपदा का भी सामना करना पड़ा: कंगना

## फैसले लेते समय गरीब के हितों का रखें ध्यान: राष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को गरीबों के हितों का ध्यान रखने के लिए वाणिज्यिक सेवा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय लेते समय पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारतीय आर्थिक सेवा के प्रवोशनर्स अधिकारियों के बैच 2022-2023 की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ बैठक हुई। इस बैठक में मुर्मू ने नीतियों को गरीब के हितों को ध्यान में रखकर बनाने के लिए कहा। उन्होंने कि आर्थिक वृद्धि देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। "मैक्रो और माइक्रो आर्थिक संकेतक प्रगति के मानक माने जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### दहेज के मामले में 18 साल से फरार चल रहे तीन आरोपी पीओ गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद:** अपराध शाखा 56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने वर्ष 2005 के दहेज के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बलजीत, राजो बाई उर्फ लाडो तथा गोगा बाई का नाम शामिल है। तीनों आरोपी मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के मेवाड़ा गांव के रहने वाले हैं। अक्टूबर 2005 में आरोपियों के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी पीड़ित महिला के रिश्ते में ननद और जीजा लगते हैं। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी मौके से फरार हो गए जो पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए जगह बदल बदलकर रहने लगे। आरोपियों को जेएमआईसी श्री पुष्पेंद्र कुमार यादव द्वारा अगस्त 2006 में पीओ घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए उक्त तीनों आरोपियों को जेसीबी चौक से गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर, जेल भेज दिया गया है।

### बाइक सवार 455 ग्राम अफीम के साथ काबू, पूछताछ जारी

टीम एक्शन इंडिया

**जींद:** गांव धमतान सहिब के खरल रोड पर सीआईए स्टाफ ने मंगलवार को बाइक सवार युवक को काबू कर उसके कब्जे से 455 ग्राम अफीम बरामद की है। गढ़ी थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआइए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब के खरल रोड पर बाइक सवार युवक नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वहां खड़े बाइक सवार युवकों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 455 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस पूछताछ मे युवक की पहचान गांव धमतान साहिब निवासी सोनू के रूप में हुई। गढ़ी थाना पुलिस ने सीआईए कर्मी की शिकायत पर सोनू के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सप्लाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद:** क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शिवम उर्फ एलियन तथा शशिकांत का नाम शामिल है, जो दोनों आरोपी सेहतपुर के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी शिवम को अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से 1 देसी कट्टा तथा 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ पल्ला थाने में अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने बताया कि यह देसी कट्टा वह शशिकांत से लेकर आया था पूर्ण ग्राम आरोपी शिवम की निशानी पर आरोपी शशिकांत को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शिवम को जेल भेज दिया गया है और आरोपी शशिकांत को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शिवम के खिलाफ लड़ाई-झगड़े के दो मुकदमे दर्ज हैं और शशिकांत के खिलाफ हत्या तथा लड़ाई झगड़े के करीब 8 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें आरोपी जेल भी जा चुका है।

# लोकसभा चुनाव: जजपा ने पांच उम्मीदवार किए घोषित

**हिसार में बहु-ससुर में होगा मुकाबला, भाजपा से गठबंधन टूटने का कारण बनी हिसार सीट से जजपा ने नैना चौटाला को उतारा**

**सूची जारी**

**8 भाजपा-जजपा गठबंधन में विवाद का बड़ा कारण हिसार लोकसभा सीट भी रही है**



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** कुछ समय पहले तक हरियाणा में गठबंधन सरकार में शामिल रही जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। जजपा ने हिसार से नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया है। नैना चौटाला इस समय बाढड़ा विधानसभा हलके से विधायक हैं। भाजपा-जजपा गठबंधन में विवाद का बड़ा कारण हिसार लोकसभा सीट भी रही है। इसी सीट पर दावेदारी को लेकर बीरेंद्र सिंह डूमरखां तथा जजपा नेताओं के बीच विवाद शुरू हुआ था। बाद यह विवाद गठबंधन टूटने तक पहुंच गया। जजपा की ओर से उम्मीदवार का नाम घोषित होने के बाद हिसार लोकसभा सीट का चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है। जजपा ने इस सीट से बाढड़ा की विधायक नैना चौटाला को चुनाव मैदान में उतार दिया है। नैना चौटाला पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मां है। वर्तमान में बाढड़ा की विधायक नैना इससे पहले डबवाली विधानसभा से भी विधायक रह चुकी हैं। नैना ने महिलाओं को राजनीति के प्रति जागरूक करने के लक्ष्य से ह्लहरी चुनरी चौपालह्व के कार्यक्रम प्रदेशभर में किए है। नैना चौटाला की मांग पर हरियाणा में महिलाओं को पंचायती संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, राशन डिपो में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलने जैसे अनेक कार्य हुए है। नैना चौटाला हिसार से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे चौधरी रणजीत सिंह चौटाला की बहू हैं। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा-जजपा गठबंधन के दौरान अजय चौटाला परिवार के भले ही पिता ओम प्रकाश चौटाला के साथ रिश्ते खराब हो गए हों लेकिन गठबंधन सरकार में सहयोगी मंत्री होने के नाते रणजीत सिंह चौटाला के साथ मधुर संबंध रहे हैं। खास मौकों पर दोनों परिवार आपस में मिलते रहे हैं। अब एक-दूसरे के प्रतिद्वंदी बनकर चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार नैना चौटाला के अलावा सिरसा से रमेश खटक को उतारा गया है।

## संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ेगा देश: अशोक तंवर

टीम एक्शन इंडिया

**सिरसा:** भाजपा ने जो संकल्प पत्र पेश किया है उससे भारत सिद्धि की ओर बढ़ेगा। हमने स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ काम करना है। भारतीय जनता पार्टी के सिरसा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि आज लक्ष्मी स्वीट्स रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जो संकल्प पत्र जारी किया है वह पार्टी का अगले पांच सालों का विजन है। अन्य पार्टियां घोषणा पत्र जारी करती हैं लेकिन भाजपा संकल्प लेती है और उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि 2024 में जो संकल्प पत्र जारी किया गया है

उससे युवाओं, महिलाओं और किसानों सहित देश के तमाम वर्गों का कल्याण निहित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जनता के साथ अन्याय किया है लेकिन भाजपा ने सभी को आगे बढ़ाया है। डॉ. तंवर ने कहा कि केंद्र की सरकार ने कनेक्टिविटी पर बहुत काम किया है।

# मंडियों से नहीं हो रहा गेहूं का उठान, मंत्री ने मांगी रिपोर्ट



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मूल चंद शर्मा ने प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में चल रही गेहूं खरीद पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में जांच के आदेश दिए हैं। मंगलवार को अधिकारियों से बातचीत के बाद मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि भले ही 1 अप्रैल से प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए मंडियां तथा खरीद केंद्र शुरू किए गए हों लेकिन अधिकतर मंडियों में 7 अप्रैल के बाद गेहूं आना शुरू हुआ है। अब तक की रिपोर्ट के मुताबिक 14 अप्रैल से गेहूं की आवक में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि अभी भी कई जिलों से किसानों के नमी वाली गेहूं लेकर आने की खबरें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि मंडी में गेहूं खरीदने से लेकर मंडी से उठान करने तक की प्रक्रिया पांच से छह दिन लग जाते हैं। इसके बावजूद प्रदेश के कुछ जिलों से अधिकारियों को

**आदेश**

**8 गेहूं खरीद में ढिलाई बरतने की शिकायतें की खाद्य आपूर्ति मंत्री ने दिए जांच के आदेश**

किसानों को परेशान करने तथा गेहूं खरीद में ढिलाई बरतने को लेकर शिकायतें आ रही हैं। इन शिकायतों की जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। मंत्री मूल चंद ने कहा कि जिला अधिकारियों तथा जिला उपायुक्तों से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर गेहूं की खरीद व उठान में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले दो दिन के भीतर सभी मंडियों की स्टेटस रिपोर्ट आने के बाद गेहूं खरीद सुचारू होगी।

## बेरी में अष्टमी पर दो लाख ने किए मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन

टीम एक्शन इंडिया

**झज्जर:** महाभारत कालीन कस्बा बेरी में मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं ने माता भीमेश्वरी देवी के अंदर और बाहर वाले मंदिर में देवी की आराधना कर पूजा अर्चना की। सप्तम तिथि की रात को देवी के अंदर वाले भवन में माता के जयकारे लगाकर दूर-दराज से आए दो लाख से अधिक भक्तों ने मां भगवती के दर्शन किए और मनोकामना की।

परंपरा के अनुरूप रोजाना की भांति सुबह के समय माता को कड़ी सुरक्षा के बीच बाहर वाले मंदिर ले जाया गया, जहां भक्तों ने महाआरती में भाग लिया। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह के अलावा सीईओ जिला परिषद डॉ सुभीता ढाका ने देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके उपरांत डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने मेला परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम को जरूरी निर्देश भी दिए। दूसरी ओर, एसडीएम रविंद्र मलिक और डीआरओ प्रमोद चहल मंगलवार की अलसुबह से ही मंदिर में स्थिति का जायजा लेते रहे। मेले में श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा मेला के चलते किये गए प्रबंधों की सराहना की। माता भीमेश्वरी देवी मेले में हर श्रद्धालु को बिना किसी कठिनाई के माता के दर्शन हो सकें, इसके लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक इंतजाम किए गए थे। अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी तैयारियां की गई थीं। वहीं मंगलवार को दिनभर प्रशासन श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मुस्तैद रहा।

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर हड़पे 28.30 लाख, चार पर केस दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** जिले के नारनौंद क्षेत्र के गांव भैणी अमीरपुर के एक युवक से आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 28.30 लाख रुपए हड़प लिए गए। उसे झांसा दिया गया कि पहले 10 दिन दुबई में रखेंगे और इसके बाद उसे आस्ट्रेलिया का वीजा मिल जाएगा। युवक दुबई तो गया, लेकिन वहां उसे आस्ट्रेलिया का जाली वीजा दे दिया गया। जाली वीजा का पता चलने पर वह वापिस भारत आ गया। इस संबंध में भैणी अमीरपुर गांव निवासी जितेंद्र उर्फ मिकू ने मंगलवार को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार वह गांव के ही प्रदीप उर्फ लालू से मिला और उसने कहा कि वह उसे आस्ट्रेलिया भेज देगा। इसके लिए उसका भाई विकास उनके घर वालों से मिला। उन्होंने कहा कि हम आपके भाई जितेंद्र को आस्ट्रेलिया वर्क परमिट पर भेज देंगे। आपके पैसे की और आस्ट्रेलिया में काम दिलवाने की




**फर्जीवाड़ा**

**8 जितेंद्र को आस्ट्रेलिया वर्क परमिट पर भेज देंगे। आस्ट्रेलिया में काम दिलवाने की जिम्मेदारी रहेगी**

हमारी पूरी जिम्मेदारी रहेगी। प्रदीप टोकन मनी के रूप में 24 अप्रैल 2023 को उसके घर से पांच लाख रुपए लेकर गया। उसके बाद उनसे 22 मई 2023 को पानीपत जिले के मतलौडा निवासी आयुष उर्फ आमीन के पिता दिलबाग के बैंक खाते में सात लाख रुपए प्रदीप उर्फ लालू ने डलवाए। उसके बाद फिर से 28 जून 2023 को एक बैंक खाते में 15 लाख रुपए प्रदीप उर्फ लालू ने डलवाए। इसके बाद प्रदीप ने उसको दुबई का टूरिस्ट वीजा दिया और कहा कि 10 दिन दुबई रहने के बाद उसको आस्ट्रेलिया वर्क परमिट पर भेज देंगे। इसके बाद प्रदीप ने उसके पास चंडीगढ़ से दुबई की टिकट व वीजा भेज दिया। उसके बाद वह 25 जुलाई 2023 को चंडीगढ़ से दुबई चला गया। प्रदीप ने उसको डॉलर बदलवाने के लिए एक लाख रुपए लिए।

# सबके साथ से होगा देश का भरपूर विकास: डॉ. अशोक तंवर

टीम एक्शन इंडिया

**सिरसा: भारतीय जनता पार्टी के सिरसा** लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि सब लोगों के साथ से ही देश का भरपूर विकास होगा इसलिए इन लोकसभा चुनावों में आप सब मिलकर एकजुटता से भाजपा का साथ दें, आने वाले पांच साल देश की सूरत बदलने वाले हैं। वे मंगलवार को बार एसोसिएशन में वे वकीलों से मुलाकात करने पहुंचे। बार एसोसिएशन में ओडिशा के पूर्व



राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. गणेशीलाल के संयोजना में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां वकीलों से रूबरू होते हुए डॉ. तंवर ने कहा कि अधिवक्ता वर्ग समाज का कुलीन और सभ्य

**विकास होगा**

**8 कुलीन और सभ्य वर्ग होता है। सुशिक्षित होने के साथ साथ वे लोगों को न्याय दिलाने का भी काम करते हैं**

वर्ग होता है। सुशिक्षित होने के साथ साथ वे लोगों को न्याय दिलाने का भी काम करते हैं। इस वर्ग ने देश की दशा और दिशा बदलने का काम किया है। उन्होंने वकीलों से भाजपा के चुनाव निशान कमल पर बटन लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले पांच साल में देश की दशा और दिशा बदलने वाली है। देश उन्नति की तरफ पूरी तेजी से कदम बढ़ाएगा, जिससे देश के हर वर्ग का कल्याण होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व तरक्की की है और खुशहाली की इबारत लिखी है।

# गोदामों में अनलोडिंग होने वाली गाड़ियों के वजन की पर्ची कंप्यूटर युक्त देने की मांग

टीम एक्शन इंडिया

**जींद:** पुरानी मंडी में आढ़तियों ने एकत्रित होकर प्रशासन से गोदामों में जाने वाले गेहूं की लोडिंग गाड़ी के तोल की पर्ची हाथ की बजाए कंप्यूटर युक्त देने की मंगलवार को मांग की। उचाना मंडी प्रधान सत्यवान पेगां ने कहा कि जब ऑनलाइन गेट पास कटता है, ऑन लाइन इंट्री होने के साथ-साथ सारा काम ऑनलाइन है तो गोदामों पर भी कंप्यूटर युक्त लोडिंग गाड़ी के तोल की पर्ची दी जाए। यहां पर पर्ची कंप्यूटर युक्त नहीं दी जाती। हाथ से लिखकर गाड़ी के तोल की पर्ची दी जाती

**लोडिंग**

**8 मंडी से गेहूं के बैगों की जो गाड़ी लोडिंग होकर गोदामों पर जाती है उसकी पर्ची कंप्यूटर युक्त दी जाए**

है। जब तक कंप्यूटर युक्त पर्ची नहीं दी जाएगी तब तक गाड़ी को गोदामों में नहीं उतरवाएंगे। आढ़ती दलबीर श्योकंद, रामनिवास करसिंधु ने कहा कि मंडी में गेहूं की खरीद के बाद लिफ्टिंग होने के बाद गोदामों में गेहूं के बैग जाते है। वहां पर गेटपास के पीछे हाथ से वजन लिख कर दिया जाता है। यहां पर गोदाम जो वजन तोला का कांटा है वहां कंप्यूटर पर्ची नहीं दी जाती है। आज सरकार फसल पंजीकरण से लेकर गेट पास काटे जाने से लेकर अन्य सभी प्रक्रिया ऑनलाइन कर रही है। मंडी से गेहूं के बैगों की जो गाड़ी लोडिंग होकर गोदामों पर जाती है उसकी पर्ची कंप्यूटर युक्त दी जाए। जब तक कंप्यूटर युक्त पर्ची आढ़तियों को गोदामों से नहीं मिलेंगी तब तक वो गाडियों से माल नहीं उतरवाएंगे।

## जींद: नरवाना के साहिल ढिल्लो बने आईएएस अधिकारी

टीम एक्शन इंडिया

जींद: हरियाणा पुलिस में डीएसपी की मधुबन ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग ले रहे साहिल ढिल्लो का चयन आईएएस अधिकारी के तौर पर हुआ है। मंगलवार को जैसे ही रिजल्ट घोषित किया गया तो उन्हें 729वां रेंक हासिल हुआ। साहिल ढिल्लों बचपन से ही प्रतिभावान रहे हैं और नरवाना के एसडी स्कूल से ही उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई की। 29 वर्षीय साहिल ढिल्लों ने यूपीएससी की तैयारी शुरू की। इस दौरान 2022 में साहिल ढिल्लों का चयन एक्साइज विभाग में अधिकारी के रुप में हो गया।

# कांगो गणराज्य के किसानों को मिलेगा लाभ

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज से मुलाकात की। बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत

**लाभ मिलेगा**

**8 उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा**

जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। प्रो. कम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने के लिए स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में बीज उत्पादन, कृषि आत्मनिर्भरता, मक्का उत्पादन, जैविक उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग के अतिरिक्त भोजन की बर्बादी को कम करने, कृषि उपज में मूल्य जोडने, भंडारण की बेहतर व्यवस्था करने और फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण सुविधाओं में निवेश करने पर जोर दिया। कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधि मंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों का स्वागत किया।।

# 'प्राइवेट स्कूल संचालक न्यायालय के एसओपी की करें पालना'

**बैठक कक्ष में प्राइवेट स्कूल संचालकों, शिक्षा, आरटीए तथा ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश दिए**

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद:** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला के सभी प्राइवेट स्कूल संचालक सर्वोच्च न्यायालय के एसओपी की पालना सुनिश्चित करें। वे मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में प्राइवेट स्कूल संचालकों, शिक्षा, आरटीए तथा ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन द्वारा स्कूल बसों के ड्राइवरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्कूल बसों में महिला अटैन्डैन्ट एसओपी की गाइड लाइन की हिदायतों के अनुसार बहुत जरूरी है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों के स्कूल में लाने और घर



छोडकर आने तक स्कूल संचालकों की जिम्मेदारी माता पिता से भी बढकर होती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को सभी स्कूल संचालक गम्भीरता से फोलोअप करें। स्कूलों में बच्चों को लाने और घर छोडकर आने के लिए इको वैन, आटो तथा बसों सहित अन्य स्कूल वाहन बेहतर तरीके से सर्वोच्च न्यायालय के नियमों की पालना पूर्णतः लागू होनी चाहिए। स्कूल में बच्चों को यातायात सम्बन्धित कोई भी परेशानी

**आदेश**

**8 स्कूल बसों में महिला अटैन्डैन्ट एसओपी की गाइड लाइन की हिदायतों के अनुसार बहुत जरूरी है**

नहीं होनी चाहिए। कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 3358 स्कूल बसें हैं। आटो और इको वैन तथा अन्य यातायात के वाहन अलग से जुड़े हुए हैं। सभी को यातायात सम्बन्धित नियमों की पालना सुनिश्चित करनी है। बता दें कि ईद की छुट्टी के दिन प्रदेश महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए निजी बस स्कूल हादसे को देखते हुए जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है जिसके चलते जिलाधीश विक्रम सिंह के आदेश अनुसार शिक्षा विभाग ने राजपत्रतित अवकाश के दिन कोई स्कूल नहीं खुलने देने के निर्देश दिए हैं। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सरकारी छुट्टी के दिन कोई निजी स्कूल अगर खुला तो उसकी मान्यता रद की जाएगी। प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन (बसों इत्यादि) के लिए नियमों के तहत प्रत्येक बस संचालन में जो 14 नियम है।

# जींद: नेशनल हाइवे के साथ लगते लिंक रोड पर बनवाए जाएं ब्रेकर

टीम एक्शन इंडिया

**जींद:** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन से कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों के लिए सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी सरकार द्वारा बनाई गई है। इसके तहत बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों में जरूरी उपकरण और अन्य व्यवस्थाएं होना जरूरी है। वे मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित वाहन पॉलिसी बैठक ले रहे थे। उन्होंने सभी प्राइवेट शिक्षण संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए कि वे स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करें, आदेशों की

**पालना**

**8 वे स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करें**

अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी स्कूल के संचालक को नियमों की अवहेलना करने की छूट नही है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सड़कों पर जितने भी मैन हॉल के ढक्कन टूटे व खुले हुए हैं या सड़कें कहीं से टूटी हुई हैं। उन्हें तुरंत ठीक करवाना सुनिश्चित करें ताकि जिला में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। अगर कोई अधिकारी इन आदेशों की अवहेलना करता है। उसकी वजह से कोई दुर्घटना घटती है तो संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में जितने भी नेशनल हाइवे के साथ लिंक रोड लगते हैं, उन पर स्पीड ब्रेकर बनवाना सुनिश्चित करें ताकि जब व्यक्ति लिंक रोड से नैशनल हाईवे पर वाहन लेकर चढता है तो उसके वाहन की स्पीड कम जाए, जिससे दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

# हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल का फूल: बंतो

## भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए एक बार फिर से भारतीया जनता पार्टी को भारी मतों से विजय करवाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर के भाजपा कार्यलय में भाजपा लोकसभा उम्मीदवार बंतो कटारिया ने पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की और अगरसर है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए एक बार फिर से भारतीया जनता पार्टी को भारी मतों से विजय करवाएं। उन्होंने पिछले दस साल में भाजपा द्वारा किए गए कार्यो की विस्त्री जानकारी दी और साथ ही यह भी बताया कि हम जनता के बीच भिन्न वादों के साथ जा रहे है। जिन्हें तीसरी बार सता में आते ही पूरा किया जाएगा।



एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है। अब तीन करोड ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। महिला एसएचज को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा, महिला एसएचज उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी।

महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रख-रखाव। एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता से दूर किया जाएगा। पुलिस स्टेशन में शक्ति डेस्क (महिला हेल्प डेस्क) स्थापित की गई है। अब शिकायतों की समयबद्ध जांच और समाधान के लिए इनका विस्तार। इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली) का विस्तार करके, आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की क्षमता को बढ़ाया जाएगा। नई रेलवे पटरियों का निर्माण। यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार। अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ी जाएंगी। टिकट की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता। विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है।

**अपील**

8 पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की और अगरसर है

# सीआईए-1 की बड़ी कार्यवाही: नशे की खेप सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**मुकदमा दर्ज**

8 मुकदमा नम्बर 152 दिनांक 13 अप्रैल 2024 धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना महेशनगर क्षेत्र नजदीक जगाधरी रोड महेशनगर सांई मन्दिर अम्बाला छावनी के पास से नशा तस्करी के मामले में 12 अप्रैल 2024 रात्री को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी रजनीश उर्फ लाडी निवासी मकान नम्बर 626 बब्याल थाना महेशनगर जिला अम्बाला को 400 ग्राम हैरोईन, नकदी व गाडी नम्बर एच आर 85 जी 5795 मार्का पंच सहित काबू कर थाना महेशनगर में मुकदमा नम्बर 152 दिनांक 13 अप्रैल 2024 धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया। आरोपी का माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 5 दिन पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। आरोपी रजनीश उर्फ लाडी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि आरोपी अमरजीत सिहँ निवासी मकान नम्बर डी 36 फस्ट फ्लोर विकास विहार चन्द्र विहार निलोढी दिल्ली से उसने यह हैरोईन ली है। सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने आरोपी अमरजीत सिहँ को भी मुरथल सोनीपत से स्वीफ्ट गाडी सहित गिरफ्तार किया है।



# लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघंन करने पर वाहनों का चालान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 37 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 658 दिनों में 31,357 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**कार्रवाई**

8 सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए

# भगवान परशुराम कॉलेज की कंडम बिल्डिंग को लेकर छात्रों को हादसे की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर जिला उपाध्यक्ष अनिकेत सिंह (पूर्व उपाध्यक्ष भगवान परशुराम कॉलेज) व जिला चेयरमैन करण गाबा के नेतृत्व में उरर (छात्र युवा संघर्ष समिति) ने भगवान परशुराम कॉलेज में किया प्रदर्शन। कॉलेज की बिल्डिंग बिल्कुल कंडम हो चुकी है, विद्यार्थियों के लिए जो बाथरूम है उन बाथरूमों में पानी टपकता है, इस बिल्डिंग की वजह से कॉलेज में अगर कोई बड़ी घटना हो गई तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? विद्यार्थियों की जान को खतरे में क्यों डाल रहा है कॉलेज प्रशासन ? कंडोम बिल्डिंग को लकर छात्रों को हादसे की आशंका है।उरर से जिला उपाध्यक्ष अनिकेत सिंह और जिला चेयरमैन करण गाबा ने कहा कि कॉलेज में गर्ल्स वॉशरूम की छत से पानी टपक रहा है जिससे बिल्डिंग कमजोर हो रही है,जिससे बड़ा खतरा भी हो सकता है। हम कॉलेज प्रशासन से पूछना चाहते हैं कि अगर भविष्य में ऐसी कंडम बिल्डिंग के कारण किसी भी विद्यार्थी को हानि हुई तो उसका जिम्मेदार कौन होगा ? जिला उपाध्यक्ष अनिकेत सिंह ने कहा कि कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए हर फ्लोर पर पानी की सुविधा भी नहीं है इसलिए आज इन समस्याओं को लेकर उरर ने मजबूरन प्रदर्शन किया और कॉलेज प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इन समस्याओं का समाधान न किया गया तो उरर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने पर मजबूर होगी। भगवान परशुराम कॉलेज के प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि विभिन्न समस्याओं का जल्दी समाधान किया जाएगा। इस मौके पर हर्षित, साहिल, आलोक, परवीन, पारुल, खुशी, शिवानी, जैस्मिन व अन्य छात्र मौजूद रहे।



**समाधान**

8 भगवान परशुराम कॉलेज के प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि विभिन्न समस्याओं का जल्दी समाधान किया जाएगा

# दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिह )**

**चंदन बाल** विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में दुर्गा अष्टमी व रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने गीत, भाषण, कविताएं, गीत ,नृत्य आदि प्रस्तुत किए। तदुपरांत इंटर हाउस सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक सदन के 15- 15 बच्चे शामील हुए ।साथ ही खेल -शिक्षक विकास व सुरेंद्र की देखरेख में इंटर हाउस पतंग उड़ाओ व कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा चौथी से ग्यारहवीं तक के बच्चों ने शिरकत की । मंच संचालन हैंड गर्ल कृतिका व एक्टिविटी कैप्टन लक्षिका द्वारा किया गया । नृत्य प्रतियोगिता के लिए नीर-क्षीर विवेकी निर्णायक- मंडल की भूमिका चारों सदनाध्यक्ष ने बखूबी निभाई । 'पतंग उड़ाओ' व कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लोटस, द्वितीय स्थान डेजी व तृतीय स्थान सनफ्लावर ने प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य का परिणाम इस प्रकार रहा।



# नमो-नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा शिव शक्ति महायज्ञ में हुई मां महागौरी की पूजा

**जागरू किया**

8 पूणाहूति,कन्या पूजन और विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ श्री शिव शक्ति महायज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र:** नमो नमो संगठन ट्रस्ट द्वारा चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में करवाए जा रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा हुई। साथ ही पूणाहूति,कन्या पूजन और विशाल भंडारे के साथ अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता ने बताया कि कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में चल रहे अनुष्ठान में यजमानों ने आहुतियां दी। जनकल्याणार्थ करवाए जा रहे इस अनुष्ठान की अध्यक्षता नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना ने की जबकि 108 कन्याओं का पूजन महासचिव पंडित राजेश मौदगिल परिवार द्वारा किया गया। मुख्य यजमानों शिवकुमार सैनी,सुरेश सैनी,रघुबीर और नरेश सैनी बिशनगढ़ परिवार द्वारा विधि विधान से मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की गई। माँ दुगार्जी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुगार्पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है।इनकी उपासना से भक्तों को सभी कल्मष धुल जाते हैं, पूर्व संचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप,दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है।इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख,चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गई है- 'अष्टवर्षा भवेद् गौरी।' इनके समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि भी श्वेत हैं। महागौरी की चार भुजाएँ हैं। इनका वाहन वृषभ है।इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपरवाले बाएँ हाथ में डमरू और नीचे के बाएँ हाथ में वर-मुद्रा हैं। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। माँ महागौरी का ध्यान, स्मरण, पूजन-आराधना भक्तों के लिए सर्वविध कल्याणकारी है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। मन को अनन्य भाव से एकनिष्ठ कर मनुष्य को सदैव इनके ही पादारविन्दों का ध्यान करना चाहिए। महागौरी भक्तों का कष्ट अवश्य ही दूर करती हैं। इनकी उपासना से आर्तजनों के असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। अतः इनके चरणों की शरण पाने के लिए हमें सर्वविध प्रयत्न करना चाहिए।

इस अवसर पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन किया गया और विशाल भंडारे में भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मां दुर्गा आरती में अमन शर्मा,वंदन जैन,दिनेश जिंदल,एडवोकेट गौरव शर्मा,बालकृष्ण शर्मा,पृथ्वी शर्मा, गोपाल शर्मा,मोहनीश,रोशन देवी, ब्रह्मचारिणी योशिका सैनी,सीमा गुप्ता,रामकली,सुनीता,नीलम, भगवंती देवी, सरला,रक्षित और हर्षित सहित जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट के कार्यकर्ता शामिल रहे।



# एमडीएसडी कॉलेज में साईबर सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सहायक पुलिस अधीक्षक अम्बाला सृष्टि गुप्ता भा.पु.से. ने साईबर जागरूकता अभियान के दौरान एमडी एस डी कालेज अम्बाला शहर के छात्र/छात्राओं/शिक्षकों को साईबर अपराधों व महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में डायल 112 एप्प ,ट्रीप मानिटरिंग व कानुनी जानकारी बारे विस्तृत से जानकारी दी तथा अपराधों से बचने के उपाय बतलाए।

इस कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र/छात्राओं/शिक्षकों ने भाग लिया। साईबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साईबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी गई। उन्होने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर आप अपने बैंक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। अपने फेसबुक व्हटसप पर टू स्टैप वैरिफिकेशन जरूर लगाये। अपने फेसबुक/इंस्टाग्राम के अकाउंट को प्राईवेट रखें व ओटीपी किसी से भी शेयर ना करें और ना ही लालच में आकर अपनी बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति को मोबाईल पर सांझा करें।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देना और साईबर अपराधो व धोखाधडी करने वालो से बचाना व जागरूक करना है।महिलाये किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 एप्प ,ट्रीप मानिटरिंग से 24 घंटे सहायता प्राप्त कर सकती है व साईबर अपराध घटित होने पर तुरन्त साईबर क्राईम हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें।



**अवगत कराया**

8 महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में डायल 112 एप्प ,ट्रीप मानिटरिंग व कानुनी जानकारी बारे विस्तृत से जानकारी दी

# निगरानी सेल व सूचना प्रौद्योगिकी सेल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण योजना और निगरानी सेल द्वारा मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी सेल, केयूके के सहयोग से कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में एपीएआर (एबीसी आईडी) और डिजीलॉकर पर परिणाम अपलोड करने पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. शुभम शर्मा, बिजनेस एक्जीक्यूटिव, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारत सरकार, को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया था। डॉ. शुभम शर्मा ने उपस्थित लोगों को एबीसी आईडी बनाने और डिजिलॉकर पोर्टल पर डीएमसी अपलोड करने, डिजिलॉकर पोर्टल पर अपलोड किए गए डेटा में सुधार/संशोधन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार नए डीएमसी प्रारूप के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस कार्यशाला में परीक्षा नियंत्रक व कार्यशाला के समन्वयक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, प्रो. प्रदीप कुमार (नोडल कार्यालय, रूसा 2.0 और समन्वयक, आईयूएमएस), डॉ. प्रदीप कुमार (निदेशक आईटी सेल), पूनम चौधरी (सिस्टम प्रोग्रामर, डिजीलॉकर सेल) सहित आईयूएमएस टीम और परीक्षा लैब टीम ने भाग लिया।



# पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के जन्मदिन पर कांग्रेस में बंपर ज्वाईनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा के जन्म दिन के अवसर पर मंगलवार को थानेसर विस क्षेत्र के सैंकड़ों युवाओं ने कांग्रेस में आस्था जताते हुए कांग्रेस पार्टी ज्वाईन की। इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने युवा नेता राहुल बारना के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल होने वाले जितेंद्र कुमार, अंकुश, सन्नी, मनदीप, रोबिन, पंकज, रतिंद्र, दीपू, विजय, अभिषेक, प्रवीण, पंकज सहित सैंकड़ों युवाओं को कांग्रेस का पटका पहनाया। उन्होने सभी युवाओं को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में सभी को पूरा मान सम्मान मिलेगा। इससे पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के जन्मदिन के अवसर पर उनके निवास स्थान पर उन्हे बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।युवाओं को कांग्रेस में शामिल करवाने के उपरांत पूर्व मँत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार लगातार बढता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने युवाओं को नौकरी देने का झूठा वायदा किया लेकिन इस सरकार द्वारा युवाओं को नौकरी देनी तो दूर उल्टा युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया। पहले जो विद्यार्थी स्कूल में पढाई करने के बाद कॉलेज में दाखिला लेकर पढाई करते थे आज बेरोजगारी के डर से युवा विदेशों में जाने को मजबूर हो रहा है। इतना ही नही हरियाणा सरकार ने तो युवाओं को इजराईल में चल रहे युद्ध में ही धकेल दिया। जोकि हरियाणा के युवाओं के साथ नाइंसाफी की है। जबकि केंद्र सरकार एडवाइजरी जारी कर रही है कि कोई भी इजराइल ना जाए, दूसरी तरफ सरकार द्वारा ही युवाओं को वहां भेजा जा रहा है जहां पर युद्ध छिड़ा हुआ है। सरकार का युवाओं पर तरस खाकर उनको रोजगार देना चाहिए, ना कि उन्हें मौत के मुंह में धकेलना चाहिए। आज देश व प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी से परेशान हो चुकी है। हर वर्ग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। सवैंधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग लगातार इस सरकार द्वारा किया जा रहा है।



**कांग्रेस का हाथ**

8 सभी युवाओं को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में सभी को पूरा मान सम्मान मिलेगा

## न्यूज फ्लैश

### 'मतदान के दिन वोट डालकर निभाएं देश के प्रति कर्तव्य'

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने जिला के सभी मतदाताओं से आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर वोट डालने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट समान रूप से कीमती होता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक जागरूक मतदाता के तौर पर अपना कर्तव्य निभाते हुए सभी मतदाता वोट जरूर डाले। बिना की भेदभाव व डर के अपने क्षेत्र की खुशहाली के लिए उम्मीदवार चुनें। वोट के मामले में किसी के बहकावे में ना आएं और ना ही किसी प्रकार का उपहार या नकद लें। आयोग के नियमों के अनुसार वोट के लिए रिश्वत देने और लेने वाले दोनों ही समान रूप से गुन्हेगार हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मर्जी और पसंद के उम्मीदवार को वोट दें। कई बार मतदाता सोचना है कि चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार उसकी पसंद के नहीं हैं तो वोट डालने की जरूरत ही नहीं हैं। ऐसे में निर्वाचन आयोग ने नोटा का बटन दिया हुआ है, जिस पर वोट डालने से संबंधित मतदाता का वोट तो डल जाता है लेकिन वह वोट चुनाव लड़ रहे किसी उम्मीदवार के खाते में नहीं जाता। ऐसे प्रत्येक मतदाता देया के प्रति अपने कर्तव्य का पालन कर सकता है।

### कोई कितना भी जोर लगा ले, हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**लखनऊः लोकसभा** चुनावों में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की तैयारियों में जुटे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह देश भर में जनसभा कर रहे हैं। इसी सिलसिले में अमित शाह ने मणिपुर के इंफाल में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और मणिपुर को जलाने की बार-बार साजिशें रचने वाले विपक्षियों को निशाने पर लिया। देश की एकता और अखंडता के हिमायती शाह ने यह संदेश दिया कि, कोई कितना भी जोर लगा ले, हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने भारत के दो टुकड़े कर दिए। आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस ने देश पर राज किया। लेकिन समूचे नॉर्थ ईस्ट को देश के बाकी हिस्सों से अलग-थलग कर दिया। सालों तक नॉर्थ ईस्ट अलगाववाद, उग्रवाद, गरीबी, भुखमरी और नस्लीय हिंसा का दंश झेलता रहा। यह वही कांग्रेस है जो अब भारत को दो हिस्सों झ नॉर्थ इंडिया और साउथ इंडिया झ में बाँटने की बात करती है। देश की जनता अब कांग्रेस की सच्चाई को जान चुकी है। दरअसल मणिपुर की जनता के सामने यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले चुनाव में एक ओर मणिपुर को तोड़ने वाले लोग हैं और दूसरी ओर मणिपुर को जोड़ कर रखने वाले लोग हैं। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में आज नॉर्थ ईस्ट शांति और विकास के रथ पर सवार होकर नई इबारत लिख रहा है। अमृतकाल में नॉर्थ ईस्ट और दिल्ली के बीच की दूरी कम हुई है। कौन नहीं जानता है कि बीते 10 साल में नॉर्थ ईस्ट में 10 से ज्यादा शांति समझौते हुए, जिसके अंतर्गत 9,000 से ज्यादा उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया और आज समाज की मुख्यधारा में शामिल हैं। कांग्रेस के दौर में मणिपुर को नाकाबंदी वाला राज्य बना दिया गया था। ड्रग्स की तस्करी, अवैध घुसपैठ और और उग्रवाद मणिपुर के लिए अभिशाप बन गया था। जबकि आज म्यांमार सीमा पर जोर-शोर से बॉर्डर बनाने का काम चल रहा है। घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए फ्री मूवमेंट रिजीम पर रोक लगाने का फैसला भी अभूतपूर्व है। नॉर्थ ईस्ट का बच्चा-बच्चा यह जानता है कि जब तक मोदी-शाह की जोड़ी है, कोई भी मणिपुर को तोड़ने की हिम्मत नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और अंत्योदय की राजनीति करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों के तहत भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता है कि मणिपुर सहित पूरे नॉर्थ ईस्ट में शांति बनी रहे।

# युवा, महिला, प्रगतिशील किसानऔर मजदूर शक्ति है भाजपा के चार महत्वपूर्ण स्तंभः मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः लोकसभा चुनाव** 2024 के दृष्टिगत करनाल लोकसभा क्षेत्र के उम्मीद्वार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार सुबह पानीपत भाजपा कार्यालय पहुंचकर कार्यकताओं से वर्तमान चुनावी माहौल के बारे में विस्तार से जानकारी ली और कार्यकताओं को संबोधित भी किया` इस अवसर पर उनके साथ करनाल लोकसभा चुनाव के संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, पूर्व मेयर अवनीत कौर, गजेंद्र सुलूजा, विजय जैन, रविन्द्र भाटिया,



सुनील सोनी, कृष्ण छौक्कर, रोशन लाल माहला, भाजपा विस्तारक कश्मीर खासा, मंडल अध्यक्ष विजय सहगल, वीरेंद्र तनेजा, राजेश भारद्वाज, नीरज सिंगला, हरीश कटारिया, प्राण रत्नाकर, जयदेव नौल्था, सत्यवान शेरा सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने प्रिय नेता मनोहर लाल का भव्य स्वागत किया`करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी पार्टी है इसमें जातिवाद व परिवारवाद को महत्त्व नहीं दिया जाता` भाजपा में पार्टी के प्रति श्रद्धा और समर्पण रखने वाले कार्यकताओं का विशेष सम्मान होता है उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है इसी नियम पर चलते हुए पार्टी हाई कमान ने नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया लेकिन मुख्यमंत्री के बदलने से भारतीय जनता पार्टी की नीतियां और विकास कार्यक्रम नहीं बदलते भाजपा हाई कमान के निदेशों के अनुसार ही सभी कार्य किए जाते है उन्होंने कहा कि यह पार्टी ऐसी है जिसमें पता नहीं चलता कौन पार्टी कार्यकर्ता किसी वरिष्ठ पद पर कब पहुंच जाए` उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के सभी प्रदेशों के 15 लाख लोगों के सुझाव लेकर लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर दिया है` यह घोषणा पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियों का व्यापक अवलोकन करने के बाद ही जारी किया है` भाजपा का यह संकल्प पत्र विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है` उन्होंने कहा कि यूं तो सभी राजनीतिक पार्टियों में अच्छे नेता है।

## जनसभा का आमंत्रण बाजारों में देने पहुंचे विधायक प्रमोद

**पानीपत, कमाल हुसैन पानीपत शहरी** विधानसभा में 18 अप्रैल वीरवार को पानीपत शहरी विधानसभा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहर लाल दो जनसभाएं करेंगे। मनोहर लाल जनसभाओं के माध्यम से जनता से वोटों की अपील करेंगे एवं इस क्रम में भाजपा विधायक प्रमोद विज ने जनसभा में शामिल होने का आमंत्रण पानीपत के प्रमुख बाजारों में बीते दिन जा कर दिया है, विज ने डोर टू डोर जा कर लोगों से जनसभा में शामिल होने की अपील की एवं प्रत्याशी मनोहर लाल के समर्थन में वोट डालने की अपील की, विज ने कहा कि 25 मई को पानीपत शहर की जनता भाजपा के पक्ष में वोट डाल कर रिकार्ड बनाएगी एवं मनोहर लाल को भारी मतों से जिताने का काम करेगी



**सुबह शहरी चुनाव कार्यालय पहुचे मनोहर लालः-** मंगलवार की सुबह भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने शहरी विधानसभा के कार्यालय में पहुच कर कार्यकताओं से मुलाकात की एवं कार्यकताओं के संग चाय पर चर्चा कर चुनाव के दृष्टी से मार्गदर्शीत कर क आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर मौके पर समाधान भी कराया

## गांव शाहपुर की निशु त्यागी ने यूपीएसई में पाया 752वां रैंक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः यूपीएसई द्वारा** घोषित परीक्षा परिणाम में गांव शाहपुर की निशु त्यागी ने 752वां रैंक हासिल किया है। निशु त्यागी की उपलब्धि पर उनके परिजनों को ग्रामीण व रिशेतदार बधाई देने में लगे हे। निशु त्यागी ने बताया कि उसका शुरू से ही सपना यूपीएसई की परीक्षा पास कर बेहतर रैंक हासिल करने का था। उसने इससे पहले भी तीन बार यूपीएसई की परीक्षा दी। तीसरी बार में वह इंटरव्यू तक पहुंच गई थी, लेकिन फाइनल लिस्ट में नही पहुंच पाई। चौथी बार में उसने 752वां रैंक हासिल किया है। निशु ने बताया कि हाल में वह दिल्ली में रहकर यूपीएसई की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। बुधवार को वह अपने घर पर गांव शाहपुर में आएगी। निशु ने इस सफलता का श्रेय अपने दादा मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन लालमण त्यागी, पिता प्रवीण, माता के अलावा अपने चाचा, ताऊ व अन्य परिजनों को दिया। शुरू से ही सपना था यूपीएसई परीक्षा पास करने का निशु त्यागी के पिता प्रवीण त्यागी ने बताया कि निशु का दसवीं, बाहरवीं की परीक्षा पास करते ही उसका यूपीएसई की परीक्षा पास करने का सपना था। उसके लिए बेटी निशु ने डिस्टेंस एजकुेशन से स्नातक व एमए की पढ़ाई की। उसके साथ ही यूपीएसई की दिल्ली में ही रहकर कोचिंग लेकर तैयारी करती रही।

**बाहरवीं में किया था जिले में प्रथम स्थान प्राप्तः** निशु त्यागी ने दसवीं व बाहरवीं कक्षा की परीक्षा गन्नौर के शाश्वत चेतना स्कूल से की थी। स्वामी चेतना स्कूल की प्रधानाचार्या डिंपल शर्मा, निदेशक राजकुमार शर्मा ने उन्हें बधाई दी। डिंपल शर्मा ने बताया कि निशु त्यागी स्कूल में होनहार छात्रा थी। वह शुरू से ही देश की सेवा करना चाहती थी।

## 5 हजार रुपये के इनामी गिरफ्तार

**गन्नौरः गन्नौर थाना** पुलिस ने 5 हजार रुपये के इनामी आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित लक्की कुराड़ गांव का रहने वाला है। जानकारी देते हुए गन्नौर एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि 2022 में एक महिला ने गन्नौर थाना में शिकायत दी थी कि लक्की ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। आरोपित ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी और उसे जातिसूचक शब्द भी कहे थे। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपित लक्की फरार चल रहा था। पुलिस प्रशासन की तरफ से आरोपित पर पांच हजार रुपये का इनाम भी रखा था। अब पुलिस ने आरोपित लक्की को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## विष्णु कॉलोनी से ध्वजा लेकर सिद्ध पीठ माँ भूरा भवानी मंदिर सिसोठ पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौतना**
**महेंद्रगढ़। रेलवे रोड़** स्थित विष्णु कॉलोनी से विष्णु भगवान मन्दिर परिसर में पहाड़ी वाली माता के दरबार से ध्वजा लेकर माता रानी के जयकारे लगाते हुए व डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए बच्चे, महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु सिद्ध पीठ माँ भूरा भवानी मंदिर सिसोठ पहुंचे तथा मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना कर माथा टेका तथा मन्नते मांगी। भूरा भवानी मंदिर कमेटी के प्रधान प्रेमचंद सिसोठिया, उप-प्रधान विजय सिंह फोरमेन, कमेटी सदस्य मनपाल, रणधीर, राजू शर्मा, सूबे सिंह और मुकेश चौहान ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा उन्होंने



बताया कि नवरात्रों में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महेंद्रगढ़ शहर और क्षेत्र के आस पास के गांवों से हजारों श्रद्धालु सुबह शाम दोनों समय माता के दर्शन करने, ध्वजा चढ़ाने व पूजा अर्चना करने आ रहे है।

माता भूरा भवानी के अरदास करने पर लोगों की मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। ऐसी लोगों मे मान्यता है। विष्णु भगवान मन्दिर कमेटी के प्रधान मनोहर लाल झुकिया एवं मन्दिर प्रभारी शंकर लाल ने बताया कि सिद्ध पीठ माँ भूरा भवानी के दर पर जो सच्चे मन और श्रद्धा भाव से आता है उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। लोगों की मनोकामना पूर्ण होने के कारण दिन प्रतिदिन मंदिर के प्रति लोगों की श्रद्धा बढ़ती जा रही है।

# सीट पर बैठने को लेकर हुए झगड़े में युवक को चलती एक्सप्रेस ट्रेन से दिया धक्का

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः माता वैष्णो देवी** से गुजरात के हापा जा रही हापा सुपर एक्सप्रेस ट्रेन के सामान्य डिब्बे में सीट पर बैठने को लेकर दो युवकों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक को गन्नौर-राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। इसके बाद डिब्बे में सवार यात्रियों ने धक्का देने वाले युवक को दबोच लिया और दिल्ली जीआरपी के हवाले कर दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलने के बाद गन्नौर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया



और आरोपित को गन्नौर जीआरपी ने दिल्ली जीआरपी चौकी से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार 20 वर्षीय जहीर खान निवासी राठौरा कलां, जिला मुरैना मध्यप्रदेश मजदूरी का काम करता था। सोमवार को वह हापा सुपर एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल डिब्बे में सवार हो कर अपने साथी अनीस के साथ दिल्ली जा रहा था। इस दौरान जहीर खान का ट्रेन में सवार सुरेंद्र निवासी शाहपुर कंडी, पठानकोट पंजाब के साथ सीट को बैठने को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि गन्नौर-राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच सुरेंद्र ने जहीर खान को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। चलती ट्रेन से नीचे गिरने के कारण जहीर खान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रेन में सवार बाकी यात्रियों ने सुरेंद्र को पकड़ लिया और उसकी धुनाई कर दी। इसके बाद यात्रियों ने उसे दिल्ली जीआरपी के हवाले कर दिया।

**अनीस की शिकायत पर केस दर्ज**
जीआरपी थाना प्रभारी महाबीर तोमर ने बताया कि पुलिस ने जहीर खान के साथी अनीस के ब्यान पर आरोपित सुरेंद्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपित सुरेंद्र को पुलिस दिल्ली जीआरपी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं जहीर खान का पोस्टमार्टम भी बुधवार को रोहतक पीजीआई में होगा।

**राजकोट जा रहा था सुरेंद्र**
जहीर खान की हत्या का आरोपित सुरेंद्र की राजकोट गुजरात में गाड़ी की कमानी की दुकान है। वह ट्रेन में पठानकोट से बैठ कर राजकोट गुजरात के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में सीट पर बैठने को लेकर उसका जहीर खान से झगड़ा हो गया और उसने ताव में आ कर जहीर खान को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया।

## आकाशदीप ने छूआ सफलता के आकाश को यूपीएससी में पाया 166वां रैंक



**गन्नौरः गन्नौर शास्त्री नगर** के आकाशदीप ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने में कामयाबी हासिल की है। आकाशदीप ने परीक्षा में 166वां रैंक हासिल किया है। जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। आकाशदीन ने पांचवे प्रयास में सफलता हासिल की है। आकाशदीप का जन्म 5 मार्च 1997 को हुआ, मां ममता, पिता सुशील कुमार, अलख निकेतन शास्त्री नगर, गन्नौर जिला सोनीपत के रहने वाले हैं। आकाशदीप की 10वीं, 12वीं की पढाई शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। इसके बाद बीटेक आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश से की। जिसके बाद आकाशदीप की भारत पेट्रोलियम में बतौर आपरेशन आफिसर के रुप में नियुक्ति हुई, लेकिन चार महीने के बाद स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में लग गया। मेहनत रंग लेकर आई और पूरे भारत में 166वां रैंक प्राप्त किया है। आकाशदीप की सफलता से शहर में भी खुशी का माहौल है। आकाशदीप के माता व पिता को बधाई देने वालों को तांता लगा हुआ है।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया राम नवमी

**टीम एक्शन इंडिया**
समालखाः दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में राम नवमी का उत्सव मनाया गया। कक्षा छठी के छात्रगण ह्यरामायणह्न की थीम पर तैयार होकर स्कूल पहुँचे। उनके द्वारा प्रस्तुत मंत्रोच्चारण व रामजी की स्तुति-गायन ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सारा परिसर ह्यजय श्रीरामह्न के मंत्रोच्चारण से भक्तिभाव से परिपूर्ण था। इस अवसर पर डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता ने छात्रगण को संबोधित करते हुए कहा कि ये उत्सव आपके जीवन में अपार खुशियाँ और समृद्धि लेकर आए। राम नवमी का



त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है और इसका हमारी संस्कृति और परंपराओं में गहरा महत्त्व है। इस प्रकार की विशेष सांस्कृतिक गतिविधियाँ स्कूल परिसर में समय-समय पर होती रहेगी, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सकें। स्कूल की प्रबंधन समिति ने इस अवसर पर कहा कि श्री राम का संपूर्ण जीवन आदर्श; भारतीय दर्शन व सभ्यता-संस्कृति का प्रसार करता है। छात्रों को इनसे

## पीने के पानी की परियोजना शुरू कराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**
**खरखौदा : शहीद दलबीर** सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में डॉ नरेश कपूर (स.रा.अमेरिका) के सौजन्य से पूनम बगही की देखरेख में चार लाख की लागत से पीने के पानी की परियोजना शुरू कराई गई है। महाविद्यालय और इसके आसपास के क्षेत्र में खारा पानी है। इस वजह से महाविद्यालय में मीठे पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विद्यार्थी और स्टाफ



सदस्य सभी इस बुनियादी आवश्यकता की कमी की वजह से परेशान थे। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा कई बार आला अधिकारियों से भी आग्रह किया था, लेकिन उस समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया था। डॉ नरेश कपूर द्वारा महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी और स्टाफ सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई गई मीठे पानी की यह व्यवस्था बहुत ही सराहनीय कदम है। हमारे समाज को इस तरह के समाज सेवकों की आवश्यकता है, जो निस्वार्थ, आवश्यकता अनुरूप इस तरह की आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। इस परियोजना द्वारा पूरे महाविद्यालय में पीने के मीठे पानी की व्यवस्था शुरू हो गई है। महाविद्यालय में कई जगह पीने के पानी के नल लगा दिए गए हैं। आज इस जल परियोजना का उद्घाटन किया गया तथा यह परियोजना शुरू करने के लिए महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या किरन सरोहा तथा सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा डॉ नरेश कपूर व पूनम बगही को सादर आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया गया।

# पीआरपीसी में मनाया जा रहा है राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः पानीपत रिफाइनरी एवं** पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक में लगी विनाशकारी आग से निपटने में अपनी जान गंवाने वाले 66 बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए 14 अप्रैल, 2024 को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया। इसी के साथ ही पीआरपीसी में अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024 तक) की भी शुरूआत हो गई। कार्यक्रम की शुरूआत में, एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, आईओओए, आईपीआरईयू, सीआईएसएफ के



प्रतिनिधियों तथा अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के मुख्य फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवाओं के झंडे को आधा झुकाया गया। इसके बाद बहादुर अग्निशामकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके अलावा पीएनसी में आयोजित कार्यक्रम में श्री सुधांशु शेखर, मुख्य-महाप्रबंधकगण (तकनीकी) के नेतृत्व में भी राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री डहरिया ने 66 शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उद्योग जगत में अग्नि एवं सुरक्षा विभाग की सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नियमों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है ताकि हम इंडियन ऑयल के शून्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। डहरिया ने उपस्थित कर्मचारियों एवं हितधारकों को सभी सुरक्षा मापदंडों पर आत्मनिरीक्षण करने के लिए कहा और जो भी कमियां प्रतीत होती हैं उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण लेना चाहिए। उन्होंने सभी से आग और सुरक्षा उपायों को सीखने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने और छोटी और छोटी असुरक्षित स्थितियों को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने संयंत्र और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 24७7७365 दिन सतर्क रहना चाहिए। इस अवसर पर, डहरिया द्वारा विभिन्न घटनाओं से सीखने, अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के द्वारा समकालिक नियम एवं जरूरी जानकारियाँ तथा आईएफआर सूट के महत्व का वर्णन करने वाले एक विशेष पत्रिका का भी अनावरण किया गया।

अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024) के दौरान, अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों और सभी हितधारकों के लिए आग से बचाव और सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# सभी को महान संत कबीर के बताए मार्ग पर चलने की जरूरतः महेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** दुर्गाअष्टमी के अवसर पर पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव सिवाह में धानक समाज की ओर से धानक चौपाल पर संत कबीर की मूर्ति की स्थापना की गई। इस उपलक्ष्य में समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकल गई। मूर्ति स्थापना समारोह में पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि संत कबीर अपने समय के क्रांतिकारी सचेतक



थे। उन्होंने दुनिया भर में व्याप्त आडंबरों, कुप्रथाओं, जड़ता, मूढ़ता एवं अंधविश्वास का तर्कों के साथ खंडन किया। उन्हें अपने युग के प्रति यथार्थ बोध इतना गहरा था कि उन्होंने हर परंपरा, कुरीति एवं पाखंडों को यथार्थ धरातल पर खारिज करते हुए इससे बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी को इन महान संत के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

## संपादकीय

# इस रामनवमी की सदियों से थी प्रतीक्षा

**अयोध्या** में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 9 अप्रैल को पहली बार रामनवमी का आयोजन हो रहा है। इस रामनवमी को पांच सौ वर्षों बाद श्रीराम लला अपने घर में जन्मदिन मनाएंगे। भव्य राम मंदिर में रामनवमी का ये स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका पांच सदियों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरंजित इतिहास शामिल है। लेकिन सबसे ज्यादा पीड़ादायक पिछले 75 वर्ष रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने तुष्टिकरण की राजनीति को सिर माथे से लगाया और हिंदू आस्थाओं और भावनाओं को कुचलने में कोई कसर बाकी नही रखी। नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार तक ने राम मंदिर की राह में रोड़े अटकाने का काम किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे। सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि, इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निशान तक दिखाई न दे। सोमनाथ पर मस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवश्यक है। गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है।

# विकसित भारत बनाने की स्पष्ट रूपरेखा है भाजपा का संकल्प पत्र



मृत्युंजय दीक्षित

> भाजपा के संकल्प पत्र -2024 में जिन बातों की गारंटी ली गई है उसमें अगले पांच वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रमुख हैं । पांच वर्षों तक सभी राशन कार्ड धारकों को नि:शुल्क राशन तथा पानी के साथ ही अब पाइप लाइन के सहारे बेहद सस्ती व गुणवत्ता से युक्त रसोई गैस देने का भी संकल्प लिया गया है।संकल्प पत्र मे गारंटी दी गई है कि मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर दिए जाएंगे व पीएम आवास योजना का विस्तार किया जाएगा जिसमें दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। संकल्प पत्र में युवाओं के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की बात कही गयी है। 2014 से जब से प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आयी है तभी से खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गयी हैं

**भारतीय** जनता पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनावों के लिए 78 पृष्ठों का संकल्प पत्र जारी कर दिया है। प्रथम द्दष्टया यह संकल्प पत्र विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और सशक्त भारत की रूपरेखा है। संकल्प पत्र में भाजपा ने अपनी सरकार के पिछले दस वर्षो की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की चर्चा करने के साथ ही आगामी पांच वर्षों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी की 24 गारंटियों पर विहंगम द्दष्टिकोण प्रस्तुत कर दिया है। संकल्प प्रस्तुत करते समय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि, जो हम कहते हैं वह हम करते हैं। भाजपा का संकल्प पत्र गहन शोध तथा संकल्पों पर अमल करने के व्यापक चिंतन तथा जन सामान्य और कार्यकताओं से प्राप्त 15 लाख सुझावों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार आने के बाद भाजपा अपने महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक संकल्पों को एक के बाद एक पूरा कर रही है। अयोध्या में दिव्य भव्य एवं नव्य राम मंदिर का निर्माण और उसमें भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। अयोध्या विश्व के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर तीव्रता के साथ उभर रहा है और सनातन का वैश्विक उभार हो रहा है। यही नहीं विगत दस वर्षों में सनातन हिंदू आस्था के सभी केंद्रों का तीर्थाटन के द्दष्टिकोण से विकास हो रहा है जिसे आगामी कार्यकाल में और तीव्र किये जाने पर बल दिया गया है। जनसंघ के समय से किया गया भाजपा का जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का वादा भी पूरा हो चुका है और वहां विकास की नयी गाथा लिखी जा रही है। महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हो चुका है। पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में सताए गए अल्पसंख्यक शरणार्थियों हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन,पारसी व ईसाईओं को नागरिकता प्रदान करके वाला सीएए भी लागू कर दिया है। संकल्प पत्र में नीतिगत रूप से विरासत भी और विकास भी को ध्यान में रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिन चार जातियों युवा, गरीब, किसान और नारी शक्ति की बात करते हैं यह संकल्प पत्र उन्हीं चार जातियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। संकल्प पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इन चार जातियों के लिए जो योजनाएं चलायी जा रही थीं उन सभी योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। बुजुर्गों के प्रति भी यह संकल्प पत्र संवेदनशील है । भाजपा के संकल्प पत्र-2024 में सभी के लिए अवसरों की मात्रा और गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनावी भाषणों में कह रहे हैं कि, विगत दस वर्षां में हमने जो कार्य किये हैं वह तो मात्र एक ट्रेलर है पूरी पिक्चर तो अभी बाकी है संकल्प पत्र इसकी बानगी है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भगवान राम के भव्य दिव्य मंदिर का उल्लेख करने के साथ ही विश्व भर में रामायण उत्सव मनाने तथा भगवान राम की मूर्त और अमूर्त विरासत को बढ़ावा देने वाले विश्व के सभी देशों को सहयोग देने का संकल्प किया है। विश्व भर के लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या आ रहे हैं। अतः भाजपा सत्ता में वापस आने पर अयोध्या के वृहद विकास के लिए प्रतिबद्ध है।भाजपा ने भारतीय पांडुलिपियों व पुरालेखों का डिजिटलीकरण मिशन मोड मे जारी रखने का भी संकल्प लिया है।संकल्प पत्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधापूर्ण तीर्थयात्रा का वादा कर समझाने का प्रयास किया गया है कि आस्था का सम्मान किया जाएगा।स्वाभाविक है कि तीर्थस्थलों के विस्तार की बात हो या नागरिकों को तीर्थ सम्बन्धी सुविधा मिलने अथवा तीर्थस्थलों पर रोजगार के नये अवसर मिलने इसका लाभ जन सामान्य को ही होगा।

भाजपा के संकल्प पत्र -2024 में जिन बातों की गारंटी ली गई है उसमें अगले पांच वर्षो में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रमुख हैं । पांच वर्षों तक सभी राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन तथा पानी के साथ ही अब पाइप लाइन के सहारे बेहद सस्ती व गुणवत्ता से युक्त रसोई गैस देने का भी संकल्प लिया गया है।संकल्प पत्र मे गारंटी दी गई है कि मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर दिए जाएंगे व पीएम आवास योजना का विस्तार किया जाएगा जिसमें दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संकल्प पत्र में युवाओं के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की बात कही गयी है। 2014 से जब से प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आयी है तभी से खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गयी हैं जिनका व्यापक प्रभाव राष्ट्रमंडल खेलों से लेकर एशियाई खेलों, ओलम्पिक तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा मंचों पर दिखाई दिया है, इस दिशा में आगे बढ़ते हुए संकल्प पत्र में कहा गया है कि अब हम 2036 में ओलम्पिक खेलों की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं। युवाओं के लिए इंफ्रास्टक्चर, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेलों के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसर बढ़ाने पर बल दिया गया है। तीव्र गति की इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए के लिए 5 जी और 6 जी तकनीक पर लगातार काम किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं के व्यापक पैमाने पर डिजिटलीकरण पर बल दिया गया हैं। नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत भी केंद्र सरकार ने विभिन्न कार्य किए हैं जिसके कारण नारी शक्ति कई क्षेत्रो में देश और समाज का नेतृत्व कर रही है।भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में नारी तू नारायणी के अंतर्गत 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। यह लखपति दीदी कृषि क्षेत्र के लिए विशेष उपयोगी साबित होंगी। भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तय सीमा के अंतर्गत लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है। वहीं महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस पर विशेष ध्यान देने की बात है। समान नागरिक संहिता - भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र में देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने तथा एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए मोदी सरकार कुछ कदम उठा भी चुकी हैं जिसके अंतर्गत चार केंद्रीय मंत्रियों की एक टीम का गठन किया गया है जो विधि आयोग के साथ विचार विमर्श भी कर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई अवसरों समान नागरिक संहिता पर अपने विचार स्पष्ट कर चुके हैं।मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की बहस और लागू करने के संकल्प का लाभ भाजपा को विधानसभा चुनावों में मिल चुका है।अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का संकल्प लिया गया है। एक देश एक चुनाव व्यवस्था संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था पर आगे बढ़ने की बात कही गई है। इस विषय पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट राष्ट्रपति के समक्ष पहुंच गई है। एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था लागू करने के लिए ही अबकी बार 400 पार का नारा जोरदार ढंग से दिया जा रहा है। भाजपा के संकल्प पत्र पर पार्टी का कहना है कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है। भाजपा का संकल्प पत्र राजनैतिक शुचिता को स्थापित करने वाला है। भाजपा का संकल्प पत्र पंथ, जाति, क्षेत्र किसी भी आधार पर किसी का भी तुष्टिकण नहीं कर रहा है अपितु यह जन जन को संतुष्टि प्रदान करने वाला है। यह संकल्प पत्र गरीबों की सेवा करने की गारंटी वाला संकल्प पत्र है । विगत दस वर्षों में गरीब कल्याण के लिए , बुजुर्गों के कल्याण के लिए, दिव्यांगजन के कल्याण के लिए, श्रमिक कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये गये जिनका अब विस्तार किया जाएगा। संकल्प पत्र की सबसे बड़ी गारंटी यह है कि 2024 में तीसरी बार वापस आने के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी। संकल्प पत्र में भाजपा ने पीएम सूर्य घर योजना को विस्तार देकर बिजली का बिल शून्य करने की बात कही है और राशन तथा स्वास्थ्य को छोड़कर कहीं भी मुफ्त की रेवड़ी की बात नहीं की है।




## कविता

### सच्चा साथी

जैसे ही मतलब निकला
छोड़ देते हैं लोग साथ,
ये वही लोग होते हैं जो
जिंदगी के कुछ पल पकड़े हाथ,
देखा है मैंने उन सभी
महत्वपूर्ण लोगों को
जिन्हें कहा जाता है कि
सदा साथ निभाएंगे,
पर लोग भूल जाते हैं कि
एक वक्त आते ही आपसे कतराएंगे,
यहां कोई किसी का नहीं,
सबके अपनेपन में
छुपा रहता है स्वार्थ कहीं न कहीं,
कोई आपके उन्नति से
ईर्ष्यावश साथ छोड़ेंगे,
तो कोई आपकी दुर्गति के कारण
आपसे पूरी तरह मुंह मोड़ेंगे,
और कभी कभी तो आपके
मनमस्तिष्क में छा मनोबल तोड़ेंगे,
इस जहां में ऐसा कोई नहीं
जिसे आप अपना कह सकें,
कोई नहीं जिसके बिना आप न रह सकें,
सब दिखावा है,
छलावे से भरा सिर्फ मोह माया है,
यदि सचमुच साथ खड़ा होता है
तो वो होता है विचारधारा,
जो पग पग देता है सहारा,
यदि आप विचार विहीन हैं तो
सिर्फ एक ही है

राजेन्द्र लाहिरी

# स्वास्थ्य सेवा उद्योग में नौकरी उन्मुख कैरियर

विजय गर्ग

**वे दिन गए जब** स्वास्थ्य सेवा का तात्पर्य केवल डॉक्टरों और नर्सों से होता था। भारत में तेजी से बढ़ते मेडिकल टूरिज्म के साथ यह क्षेत्र भी हर द्दष्टि से विकास दिखा रहा है। चाहे अस्पतालों का आकार हो या उनके संचालन के लिए आवश्यक विशेषज्ञता, विशेष पाठ्यक्रम विकसित हुए हैं। यदि आप एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे हैं या चिकित्सा क्षेत्र में जाना चाहते हैं, लेकिन खुद को मरीजों को संभालने में कुशल नहीं पाते हैं, तो स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी आपके लिए बहुत सारे अवसर हैं। सुपर-विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। इंजीनियरों की भी जरूरत है. आपने देखा होगा कि अस्पतालों में वैयक्तिकृत ऐप्स होते हैं। इन्हें डिजाइन और रखरखाव के लिए कुशल इंजीनियरों की जरूरत है। यहां, हम आपको स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करियर के असंख्य अवसरों के बारे में बताएंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी की संभावनाएं और कैरियर के अवसर चिकित्सकः जब हम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के बारे में बात करते हैं, तो सबसे पहले एक डॉक्टर की छवि सामने आती है। निस्संदेह, डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा के स्तंभ हैं। आप राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट पास करके डॉक्टर बन सकते हैं। इसके अलावा, आपको अपने इंटरमीडिएट में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान का अध्ययन करना होगा। कई प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी हैं जो अपने अलग-अलग टेस्ट कराते हैं। साढ़े चार साल लंबी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद आप खुद को एक प्रैक्टिशनर के रूप में पंजीकृत करवा सकते हैं। आजकल सुपर स्पेशलिस्ट की मांग है. तो आपके लिए एमडी करना भी बेहतर रहेगा। उच्च डिग्री बेहतर होगी. एक डॉक्टर की नौकरी सबसे अधिक भुगतान वाली नौकरियों में से एक है। सरकारी अस्पताल और निजी अस्पताल सभी उन्हें अच्छा भुगतान करते हैं। डेंटिस्टः दांतों की समस्या तो रहती ही है. और इनसे निपटने के लिए हमें कुशल दंत चिकित्सकों की आवश्यकता है। प्रदूषित पानी, अस्वास्थ्यकर खान-पान और जाहिर तौर पर जीवनशैली में तनाव के कारण दांतों की समस्याएं बढ़ रही हैं। पारंपरिक दंत निष्कर्षण और प्रत्यारोपण के अलावा, अब हमारे पास कॉस्मेटिक दंत चिकित्सा भी है। लोग अपने दांतों की गड़बड़ी को ठीक करने, अपने चेहरे की बनावट में सुधार करने और ऐसे सभी उद्देश्यों के लिए चाकू का सहारा लेना चुनते हैं। डेंटिस्ट बनने के लिए सबसे पहले आपको बीडीएस करना होगा। इसका चयन राष्ट्रव्यापी मेडिकल टेस्ट के माध्यम से किया जाता है। अपने बीडीएस के बाद, आपको उच्च संभावनाओं के लिए उच्च अध्ययन की ओर जाना चाहिए। नर्सः एक नर्स वह होती है जो मरीज के सभी परीक्षण करने और उसके डिस्चार्ज होने तक उसकी देखभाल करने की प्रभारी होती है। उन्हें रक्त निकालते, मूत्र का नमूना एकत्र करते, दवाएँ देते, रोगियों को कुछ तकनीकों जैसे इंसुलिन शॉट लेने आदि के लिए प्रशिक्षित करते देखा जा सकता है।

## विचार

# द्वितीर्थी तीर्थंकर प्राच्य प्रतिमाएँ

डॉ. महेन्द्रकुमार

**द्वितीर्थी** या द्विमूर्तिका से आशय है एक ही शिलाफलक में दो समान आकर की मूर्तियाँ। सबसे सुन्दर द्विमूर्तिका तीर्थंकर प्रतिमा खण्डगिरि की गुफा से मिली है और संप्रति लन्दन (९९) में सुरक्षित है। जिनों की पीठिका पर ऋषभ और सिंह लांछन उत्कीर्ण है। इस प्रकार यह ऋषभ और महावीर की द्वितीर्थी मूर्ति है। ऋषभ जटामुकुट से शोभित है पर महावीर के केशों की रचना गुच्छकों (कुंचित केश) के रूप प्रदर्शित है। खजुराहो और देवगढ़ में भी कुछ द्वितीर्थी प्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं। शिवपुरी संग्रहालय में एक द्वितीर्थी प्रतिमा प्रदर्शित है। रायपुर म्यूजियम में एक द्वितीर्थी प्रतिमा प्रदर्शित है जो जो तीर्थंकर अजितनाथ और संभवनाथ की प्रतिमाएँ हैं। एक द्वितीर्थी प्रतिमा प्रिंस ऑफ बेल्स संग्रहालय में संरक्षित है, जिसमें एक प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ और द्वितीय चौबीसवें तीर्थंकर महावीर की प्रतिमा है। ऐसीं द्वितीर्थी जिन मूर्तियों के किसी प्रकार के उल्लेख प्रतिमाशास्त्रों में मूर्तिनिर्माण संबंधी जैन ग्रन्थों में नहीं मिले हैं। इन मूर्तियों का निर्माण नवी से बारहवीं शती ई. के मध्य हुआ माना जाता है। तीन द्विमूर्तिका प्रतिमाएँ गन्धर्वपुरी (देवास) म. प्र. के स्थानीय राजकीय संग्रहालय में संग्रहीत है। ये प्रतिमाएँ अन्यत्र से भिन्न व अनूठी हैं।

**प्रथम द्विमूर्तिका प्रतिमा**-दो तीर्थंकर प्रतिमाएँ एक बलुआ पत्थर के शिलाखण्ड में निर्मित हैं। ये समपादासन में कायोत्सर्गासनस्थ हैं। पूर्ण पादपीठ अद्दष्ट होने से लांछन या शासनदेव-देवी की जानकारी नहीं हो पाती है, इस कारण ये किन तीर्थंकरों की मूर्तियां हैं, यह निर्णीत नहीं हो पाता है। दोनों प्रतिमाओं के अलग-अलग चॅवरवाहक हैं। एक प्रतिमा के चॅवरी के चॅवर ढुराने वाले हाथ ऊपर की ओर हैं तो दूसरी प्रतिमा के चॅवरवाहकों ने चॅवर ढुराते हुए हाथों को वक्ष के पास किया हुआ है। इन तीर्थंकर प्रतिमाओं की हथेलियों पर चक्र उत्कीर्णित हैं। पाषाण क्षरित हो जाने से श्रीवत्स चिह्न के मात्र निशान रह गये हैं। कुंचित केश, उष्णीस और प्रभावल दोनों के समान हैं। इसका वितान महत्वपूर्ण था जो खण्डित हो गया है। किन्तु शीर्ष पर एक पद्मासन लघुजिन और उनके दोनों ओर एक-एक कायोत्सर्ग लघु जिन मूर्तियां द्दष्ट हैं।

**द्वितीय द्विमूर्तिका प्रतिमा**- यह द्विमूर्तिका भी सपरिकर है। घुटनों से नीचे का भाग खण्डित और अप्राप्त होने पर भी मध्य, और ऊर्ध्व भाग का परिकर देखा जा सकता है। इस द्विमूर्तिका के तीर्थंकरों के बाह्य भाग के किनारों पर तीन-तीन पद्मासनस्थ लघुजिन प्रतिमायें उत्कीर्णित हैं। भग्न भाग में लघु जिन प्रतिमाएं कितनी रहीं होंगी, कहा नहीं जा सकता। चॅवरधारी, माल्यवाहक-युगल, प्रभावल, उष्णीष, छत्रत्रय, मृदंगवादक देव और छत्रत्रय के दोनों ओर गजलक्ष्मी के हाथी दशार्ये गये हैं। ये परिकर दोनों प्रतिमाओं के अलग-अलग हैं। इनमें यह विशेषता है कि दोनों के केश कुण्डल्याकार में स्कंधों पर लटकते हुए दशार्ये गये हैं। प्रायः ऋषभनाथ की प्रतिमाओं में स्कंधों पर केश-लटिकाएँ दशार्ने की परम्परा रही है, किन्तु अन्य तीर्थंकरों के स्कंधों पर केश-लटें दशार्ये जाने के भी अनेकों उदाहरण हैं। इसलिए इन्हें केवल स्कंधावलम्बित केश-लटिकाओं के आधार पर ऋषभदेव की प्रतिमाएं घोषित नहीं किया जा सकता। सम्भावना यह है कि दोनों प्रतिमाएँ भिन्न-भिन्न तीर्थंकरों की होंगी।

**तृतीय द्विमूर्तिका प्रतिमा**-यह द्विमूर्तिका संभवतः लाने में खण्डित हो गई होगी, क्योंकि इसके अन्य खण्डित स्थानों की अपेक्षा शिला के दो भागों में टूटने के निशान अपेक्षाकृत नवीन हैं। गंधर्वपुरी के स्थानीय राजकीय संग्रहालय में इसके दोनों भाग पास-पास में रखे गये हैं। चित्र में हमने दनों भागों को मिलाकर एक दशार्या है। इस द्विमूर्तिका का सबसे ऊपर का शिलाखण्ड खण्डित और अप्राप्त है। इस द्विमूर्तिका में भी चॅवरधारी, माल्यवाहक, छत्रत्रय, मृदंगवादक एकल - एकल देव और छत्रत्रय के दोनों ओर गजलक्ष्मी के गज सामान्य रूप से उत्कीर्णित हैं। इसमें विशेषता है कि दोनों प्रतिमाओं के किनारे की ओर के हाथ की कुहनी की बराबरी पर एक एक अंजलिबद्ध आराधक है और दोनों मुख्य प्रतिमाओं के मध्य एक कायोत्सर्ग लघु जिन उत्कीर्णित हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# ईरान-इजराइल संघर्ष में भारत का दांव

रवि रंजन

**भारत ने** एक बयान जारी कर शत्रुता बढ़ने पर भारत की गंभीर चिंता व्यक्त की और तत्काल तनाव कम करने का आान किया। ईरान ने ऑपरेशन टू प्रॉमिस (जिसे ऑपरेशन ऑनेस्ट प्रॉमिस भी कहा जाता है) के तहत इजराइल के खिलाफ ड्रोन और क्रूज मिसाइलें लॉन्च कीं थी । इजराइल में लगभग 18,000 भारतीय और ईरान में लगभग 5,000-10,000 भारतीय हैं, लगभग 90 लाख लोग खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। कोई भी संघर्ष जो फैलता है वह इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय के लिए खतरा पैदा कर देगा । पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत की 80 प्रतिशत तेल आपूर्ति में योगदान देता है, जिस पर संभावित संघर्ष का प्रभाव पड़ेगा। भारत रियायती कीमतों पर रूसी तेल खरीदकर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में सक्षम है, लेकिन इस संघर्ष का ऊर्जा कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारत ने प्रमुख अरब देशों, ईरान और इजराइल के साथ रणनीतिक संबंधों में निवेश किया है। भारत इस क्षेत्र को अपने विस्तारित पड़ोस के रूप में देखता है, और यह भारत-मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर जोर दे रहा है, जिसके रणनीतिक और आर्थिक लाभ भी हैं। ईरान में चाबहार एक और रणनीतिक आर्थिक परियोजना है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करती है - क्योंकि पाकिस्तान भारतीय वस्तुओं के लिए भूमि पारगमन से इनकार करता है। इजराइल के साथ रक्षा संबंध में भारत के इजराइल के साथ बहुत गहरे रणनीतिक संबंध हैं, खासकर रक्षा और सुरक्षा साझेदारी के संदर्भ में । पहले भारत को इजरायल का पक्ष लेते हुए देखा जाता था, लेकिन आज संयम बरतने की अपील करने वाली उसकी स्थिति को संतुलित और क्षेत्रीय शांति के पक्ष में देखा जाएगा। इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम करने का भारत का आान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के ईरान और इजराइल दोनों के साथ रणनीतिक संबंध हैं - और दशकों से, यह दोनों पक्षों के बीच संतुलन बनाने में सक्षम रहा है। लेकिन अगर टकराव बढ़ता है तो उसके लिए दुविधापूर्ण स्थिति बनाए रखना मुश्किल होगा।

# एआई का नशा ए माई

सूर्यदीप कुशवाहा

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** (एआई) हमारी डेली लाइफ में कॉमन हो गए हैं। याद रखें,कॉमन चीजें पसंद बाद में नहीं आती हैं। मनुष्य इसलिए आबाद है। जैसे क्रिकेट में नाबाद बड़ी पूछ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर विज्ञान का क्षेत्र है। इसकी भी रौबदार मुछ है। विभिन्न स्रोतों से बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर फेटता है। यह नई तकनीक जैसे नई शौखिनी खलित्ता में गाजर है। सबकी नजर में है।आजकल साहित्यिक जगत एआई तकनीक से कलमकार बहुत प्रभावित हैं। फेसबुकिया जगत में रुझान आने शुरू हैं। झउआभर एआई फोटो रोज पोस्ट हो रहे हैं। अब लिखने से ज्यादा एआई फोटो चेपे जा रहे हैं।अयोध्याधाम में माता सीता, प्रभु श्रीराम और भोलेनाथ बनकर ईश्वरीय वैभव पान कर रहे हैं। स्वर्ग में लेखक-लेखिका गोता लगा रहे हैं। यह कलयुग का अद्भुत चमत्कार है। एआई को नमस्कार है। कलमकार वीडियो और छवियों से एआई अंतर्दृष्टि का उपयोग कर महान बनता है। कंप्यूटर विजन का उपयोग करके, वह छवियों को ठीक वैसे ही समझ सकता है जैसे कोई मूर्धन्य कलमकार समझता है। ऊपर से स्व-चालित है। सुंदरता किसे नहीं सुहाती है? कवि तो सुंदरता पर ही मोहित है। एआई के गलत होने का एक कुख्यात उदाहरण वीडियो या फोटो से छेड़छाड़ सामने आ रहा है। समाज में छेड़छाड़ दंडनीय है। चप्पल खाना सड़कछाप रोमियों का विशेषाधिकार है। यह अधिकार उनसे कोई नहीं छीन सकता है। अरे भई! अपनी पत्नी को समझने में पूरी जिन्दगी व्यतीत हो जाती है, फिर भी समझ कहां आती है। यह एआई है और इसको तुरंत समझना चाहते हो। इस मशीन का दूसरे की पत्नी जैसी कोई समानता हो तो इसको मात्र संयोग माना जाए। इसकी सोचने की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी तरह से मिलती-जुलती है। इसलिए पत्नी-शैली की भावनाएं एआई में भी दिखती है। बेचारा परहित के चक्कर में बेलन से पिटता है। हमारी दुनिया में जहां प्रगति तेजी से हमारे रहने, काम करने और सोचने के तरीके को बदल रही है। यह सवाल कि क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कभी हमारी रचनात्मकता से मेल खा सकती है? पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक होती जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### देश की समृद्धि में सीए का योगदान भी सराहनीयः सीए संजय टंडन

**चंडीगढ़ः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहित आर्थिक नीतियों ने जहां एक ओर देश को विश्व की समृद्ध अर्थव्यावस्था की सूची में शुमार किया है वहीं देश के चार्टेड अकाउंडेंट्स ने भी अपनी जिम्मेदाराना प्रोफेशन के साथ देश का सुदृढ़ आर्थिक मार्ग प्रशस्त करने में अहम भूमिका निभाई है। यह भाव सोमवार रात को होटल हयात रेजेंसी में आयोजित सीएफओ नेक्स्ट फोरम 2024 के दौरान मुख्य वक्ता तथा चंडीगढ़ से लोकसभा चुनाव में प्रत्याक्षी संजय टंडन ने अपने संबोधन के दौरान व्यक्त किये। चार्टेड अकाउंटेंड्स के देश व्यापी सर्वोच्च संघ - दी चार्टेड



अकांउटेंड्स आफ इंडिया (आईसीएआई) की इंस्डट्री एंड बिजनेस कमेटी द्वारा आयोजित इस फोरम में चंडीगढ़ ट्राईसिटी के सीए और कोरपोरेट जगत के सीएफओ सहित उद्यमियों ने भाग लिया जो कि मौजूदा अकांउटेंसी तथा इस कार्यक्षेत्र के नवीनतम टूल्स के अवगत हुये। पेशे से स्वयं सीए, संजय टंडन ने अपने संबोधन में इस बात पर बल दिया कि देश की प्रगति में कर्तव्यनिष्ठा के साथ साथ अन्य प्रोफेशनल्स की तरह सीए समुदाय को भी एकजुट होने की आवश्यकता है। 1986 में सीए के रुप क्वालिफाईड हुये टंडन ने अपने प्रोफेशनल के दौरान अनछुये पहलूओं को साझा किया। इससे पूर्व आईसीएआई चंडीगढ़ शाखा के चेयरमेन अभिषेक चौहान ने अतिथियो और प्रतिनिधियों को स्वागत करते हुये कहा कि यह एक गौरव की बात है कि आईसीएआई के एक वरिष्ठ सदस्य को विश्व के सबसे बडे. लोकतंत्र की सदन में न केवल एक शहर बल्कि एक प्रोफेशनल वर्ग के प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई अपने चुनावी अभियान में सफलता दर्ज करने के बाद वे शहर और सीए प्रोफेशन को संसद के माध्यम से एक नए आयाम तक पहुंचायेंगें। फोरम के दौरान सीए अभिषेक गुप्ता, सीए अश्विनी तायल, सीए प्रवीण तुलस्यान, सीए पारस अरोड़ा आदि वरिष्ठ वक्ताओं ने अकाउंटेंसी प्रेक्टिस में आउटसोर्सिंग, आर्ट आफ काम्युनिकेशंस, आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस की फाईनेंस प्रोफेशन में भूमिका तथा कंपनी को आईपीओ तक पहुंचाना आदि विषयों पर गहनता से चर्चा की जोकि भाग ले रहे प्रतिनिधियों के लिये लाभप्रद साबित हुये। इस अवसर पर आईसीएआई की सीएमआईएंडबी के चेयरमेन सीए धीरज कुमार खंडेलवाल, उपाध्यक्ष डा संजीव कुमार सिंघल, चंडीगढ़ ब्रांच की कार्यकारिणी समीति के सदस्य प्रमोद वत्स, साहिल गर्ग, नवजोत सिंह अरोड़ा, पूर्व चेयरमेन विशाल पुरी, अनिल कक्कड़, कृष्ण जोशी सहित अन्य शामिल हुये।

### सेवा पंजाब ने महिलाओं को दिखाई प्रगति की राह, प्रशिक्षण देकर किया सशक्त

**गुरदासपुरः** महिलाओं के उत्थान में प्रयासरत दी सेल्फ एम्पलाइड वुमेन्स एसोसिएशन - सेवा पंजाब ने अपने एक अनूठे और सराहनीय प्रयास के अंतर्गत गुरदासपुर की लगभग एक सौ डोमेस्टिक वर्कर्स के दो दिवसीय अप स्किलिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम के सफल समापन पर सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया।



डीपीओ सुमनदीप कौर और डीआरओ जसकिरणजीत सिंह ने लाभार्थियों को सर्टिफिकेट्स वितरित किये। इसी प्रकार गुरदासपुर और बटाला जिलों की उन एक हजार लघु उद्यमी महिलाओं और होम बेस्ड वर्कर्स को भी सम्मानित किया जिन्होंनें डिजिटल फाइनेंशियल लिटरेसी ट्रेनिंग पूरी की। सितंबर 2023 से लेकर मार्च 2024 की अवधि के दौरान इनफॉर्मल सेक्टर की वूमेन वर्कर्स की महिलाओं को सेवा पंजाब ने ट्रेनिंग के माध्यम से सशक्त करने का प्रयास किया। यह निम्न आय प्राप्त करने वाली महिलाएं कादरी मोहल्ला, ईसलामाबाद बस्ती, संगालपुरा, गीता भगवान एरिया, शिव नगर, गांधी पार्क, नंगल, कोटली आदि स्थानों से संबंध रखती है। यह अभियान सेवा भारती और आईटीसी आशीर्वाद रहो चार कदम आगे के सहयोग से महिलाओं के सशक्तिकरण की दृष्टि से चलाया गया था।

# जन समर्थन से देश में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकारः नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने मंगलवार को करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की। सबसे पहले मुख्यमंत्री निर्मल कुटिया पहुंचे। यहां माथा टेका और संतजनों का आशीर्वाद लिया तथा सेवा कार्य किया। इसके बाद सीएम लेडिज इंडस्ट्रीयल होम कुंजपुरा रोड में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां कन्याओं ने फूल भेंटकर सीएम का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री रघुनाथ नगर में पहुंचे। कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जहां दुर्गा अष्टमी पर्व की बधाई दी, वहीं लोकसभा चुनाव में अपना एक-एक वोट भाजपा उम्मीदवारों को देने की अपील कर देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार चुनने का आह्वान किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री



ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। 2014 में देश अर्थव्यवस्था की सूची में 11वें स्थान पर था, जो अब पांचवे स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा में जब भी पीएम मोदी ने विकास कार्यों के लिए ग्रांट भेजी, उसमें हरियाणा सरकार ने अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर प्रदेश में विकास कार्य करवाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा में जो जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की, उसका लाभ आने वाली कई पीढियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमें मनोहर लाल जी को सबसे ज्यादा वोटों से जितवाकर लोकसभा में भेजना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन वे गरीबी खत्म नहीं कर पाए। लोगों का विश्वास कांग्रेस से उठ चुका है। देश की जनता पीएम मोदी पर विश्वास करती है और तीसरी बार लगातार मोदी सरकार बनाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में जो वादे देश की जनता से किए गए हैं, उन पर सरकार बनते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। भाजपा के घोषणा पत्र में देश के विकास की बात की गई है।

इस अवसर पर भाजपा जिला प्रधान योगेंद्र राणा, संजय बठला, जगमोहन आनंद, राजिंद्र राजपाल, सुरेंद्र गाबा, जुगल बठला, विनीत भाटिया, कमल मुंजाल, पंकज भारती, अमित आहूजा, भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष बिशन सिंह शेखावत, महामंत्री रमन अग्रवाल, त्रिलोक शर्मा, जसपाल वर्मा, ईश गुलाटी व विनोद खेत्रपाल आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के राज में पूरी दुनिया में भारतवासी सुरक्षितः नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सैनी ने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक आज पूरे विश्व में अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने हर देशवासी को सुरक्षा की गारंटी दी है। आज देश दुनिया के हर कोने में भारतवासी को सम्मान मिलता है, जिसका कारण सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी हैं। मुख्यमंत्री देर शाम को करनाल विधानसभा के गांव रायफार्म काछवा में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले गांव में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले साढ़े 9 सालो में प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। यह विकास आगे भी जारी रहेगा। इसके लिए हम सबको लोकसभा और विधानसभा में भाजपा को विजयी बनाना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, जगमोहन आनन्द, संजय बठला, सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, पूर्व सरपंच बिट्टू, कलामपुरा पूर्व सरपंच बंसी लाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल व मंजीत निवासी कामी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हनुमान नगर निवासी अनिल ने गत 14 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 8 अप्रैल को अपनी बाइक को दुकान के पास साइड में खड़ी कर दी।

## भाजपा रिकॉर्डतोड़ मतों से जीत दर्ज करेगीः मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री एवं** भाजपा के करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने के लिए कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं। कार्यकर्ता लोगों से मोदी की गारंटी के नाम पर और काम पर वोट मांगे। वे आज सालवन रोड स्थित जीएस फार्म में असंध कलस्टर की जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क व जिले राम शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंच का संचालन चुनाव सह प्रभारी गुरु बख्शीश सिंह लाडी ने किया। मनोहर लाल ने कहा कि



भाजपा प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटें रिकॉर्डतोड़ मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए जोश भरा और कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यों को गिनवाते हुए मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करेगें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र ने गरीबों व जरुरतमंदों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। हर घर में गैस सिलेंडर की कोई सोच नहीं सकता था, वह हमने किया। उन्होंने कहा कि हमारे काम विपक्ष को कभी समझ नहीं आए। विपक्ष शुरू शुरू में कहता था कि हमें सरकार चलाने का अनुभव नहीं है, लेकिन हमने लगातार काम करके दिखाया और लोगों का जीवन सरल बनाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है। जनसभा में पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के सरपंचों, पूर्व सरपंचों, शहर के पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल को संत पुरुष और त्यागी बताते हुए कहा कि किस प्रकार मनोहर लाल ने अपने 9 साल से अधिक समय के शासनकाल में जन हित में नई-नई योजनाओं को लागे करते हुए अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में जोडने का का किया। घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की बदौलत जनता तीसरी बार भाजपा को सत्ता में सौंपने का मन बना चुकी है।

### गांव माजरी में ग्रामीणों ने भाजपा-जजपा बहिष्कार के लगाए पोस्टर

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः एक तरफ** पंजाब बॉर्डर पर किसान आंदोलन 2 महीने से जारी है वही लोकसभा चुनाव का दौर शुरू हो चुका है चुनावी माहौल के बीच अब अंबाला में भी किसानों के भाजपा जजपा का विरोध शुरू कर दिया है। अंबाला के गांव माजरी में ग्रामीणों ने भाजपा जजपा बहिष्कार के पोस्टर लगा दिए हैं और चुनावी समय में किसी को प्रचार के लिए गांव में नही आने देने का ऐलान कर दिया है। वही आज शाम तक किसानों की रिहाई ना होने पर कल शंभू बॉर्डर पर रेल रोकने की घोषणा कर दी है। देश के साथ साथ हरियाणा में भी इन दिनो चुनावी सरगर्मियां काफी तेज हो चली है , जैसे जैसे उम्मीदवार अपना प्रचार तेज कर रहे है, वैसे ही किसानों का विरोध भी अब तेजी पकड़ने लगा है अंबाला के गांव माजरी में किसानों ने भाजपा जजपा के बहिष्कार का बोर्ड लगा गांव में भाजपा जजपा प्रत्याशियों की एंट्री पूरी तरह बैन कर दी है। किसानों का कहना है जैसें हमें दिल्ली जाने से रोका गया था वैसे ही अब हम नेताओं को गांव में आने से रोकेंगे किसानों ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 2 महीनों से वे अपनी जायज मांगों को लेकर बॉर्डर पर डटे है और आंदोलन के लिए दिल्ली जाने की मांग कर रहे थे लेकिन सरकार के तानाशाही रवियें की वजह से उन्हें दिल्ली जाने नही दिया गया।

## साइबर थाना टीम ने चार साइबर अपराधियों को काबू कर भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अतिरिक्त** पुलिस अधीक्षक प्रबीना के नेतृत्व में कार्य करते हुए थाना साइबर क्राइम प्रबंधक निरीक्षक राकेश कुमार और उनकी टीम को सफलता प्राप्त हुई। उनकी एक टीम ने साइबर सेल की सहायता से 24 फरवरी को भारतीय दंड संहिता की धारा-420, 120बी के तहत दर्ज मामले में कार्य करते हुए 9 अप्रैल को आरोपी खुशविन्द्र सिंह पुत्र राजविन्द्र सिंह वासी सैक्टर-12 फतेहाबाद साहिब अमलोह पंजाब और प्रीन्स बैंस पुत्र



प्रीतमचन्द वासी वाल्मिकी मौहल्ला अमलोह फतेहगढ़ साहिब पंजाब को पंजाब से गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को अदालत के सामने पेश किया, जहां से आरोपी खुशविन्द्र सिंह को जेल भेज दिया गया व आरोपी प्रीन्स का 15 अप्रैल तक पुलिस रिमांड हासिल किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी से पूछताछ के आधार पर 10 अप्रैल को आरोपी सिमरन अरोड़ा पुत्र राजिन्द्र पाल वासी साहनेवाल, लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार किया और अगले दिन उसे अदालत में पेशकर पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

पुलिस जांच के दौरान सिमरन के बताए अनुसार 12 अप्रैल को आरोपी अनुश पुत्र गोविंद वासी गांव चोयला भुतोवाला चंद्रबनी मोहब्बेवाला देहरादून हाल डमटाल इंदौरा जिला कांगड़ा को गिरफ्तार किया व 13 अप्रैल को कोर्ट में पेशकर रिमांड हासिल किया गया। इस प्रकार कड़ी से कड़ी जोडने पर पुलिस टीम द्वारा मामले में चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। प्रबंधक थाना साइबर क्राइम निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि ये सभी आरोपी लोगों को आनलाइन टास्क पूरा कर रुपए कमाने का झांसा देते थे, जिसमें फिर उनकी डिटेल लेकर उनके साथ साइबर अपराध को अंजाम देते थे। उन्होंने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से 4 मोबाईल फोन, 4 सिमकार्ड और 28500 रुपए कैश बरामद किए गए हैं।

## आयोग की चेयरपर्सन ने किया श्रद्धानंद अनाथाश्रम का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा राज्य** बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने श्रद्धानंद अनाथाश्रम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान फाइलों को चैक किया और फाइलों में कोई खामियां नहीं मिली। फाइलों को ध्यानपूर्वक ठीक प्रकार से तैयार किया हुआ था। प्रवीन जोशी ने आश्रम में रह रहे बालक-बालिकाओं से सीधी बातचीत करते हुए स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आश्रम में बच्चों के विश्राम कक्ष, रसोई कक्ष, बच्चों को परोसे



जाने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी। आश्रम में रह रही लड़कियों में से दो लड़कियों की सरकारी जोब लगने पर प्रवीन जोशी ने मिठाईयां खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। प्रवीन जोशी ने कहा कि बाल अधिकारों का संरक्षण करना आयोग की प्राथमिकता है।

## 'सिख युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए स्पोर्ट्स एकैडमी खोलने की तैयारी में कमेटी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : प्रदेश के सिख युवाओं** की प्रतिभा निखारने के लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी स्पोर्ट्स एकैडमी खोलने की परियोजना तैयार कर रही है। इस परियोजना पर कार्यकारिणी समिति की बैठक में जल्द ही स्वीकृत्ति की मोहर पर भी मंथन किया जा रहा है। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने दी। हैड ऑफिस में गत देरसायं तक चली एक अहम बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जानकारी देते हुए जत्थेदार असंध ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार के चेयरमैन बाबा बलजीत



सिंह दादूवाल, महासचिव सुखविंदर सिंह मंडेबर, संयुकत सचिव गुलाब सिंह मुनक, कार्यकारिणी समिति मैंबर बलदेव सिंह खालसा, जत्थेदार जगसीर सिंह मांगेआना, सुदर्शन सिंह गावड़ी, तजिंदरपाल सिंह अंबाला और तजिंदर सिंह नारनौल, सुखसागर सिंह हिसार, हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना सहित अन्य सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रस्ताव पारित करने पर सहमति जताई। निकट भविष्य में हरियाणा कमेटी द्वारा गुरुद्वारा साहिबान में कुछ नई परियोजनाएं क्रियान्वित करने पर किए गए विचारों के बारे में जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने बताया कि सिख युवा वर्ग की खेलकूद प्रतिभा निखार कर खेलों में भविष्य बनाने के लिए स्पोटर्स एकैडमी बनाने की योजना तैयार की गई। एकैडमी में सिख युवा वर्ग की खेलकूद प्रतिभा को तराश कर उन्हें अपना हुनर दिखाने का मौका दिया जाएगा। यही नहीं, पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित हो रहे सिख नौजवानों को धर्म से जोड? का बीड़ा उठाते हुए हरियाणा कमेटी द्वारा गुरमत विद्यालय खोलने की योजना पर भी गंभीरता से मंथन किया गया है। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब रोहतक एवं गुरुद्वारा लाखन माजरा में लंगर हाल बनाने पर विचार किया गया, जबकि कैथल में कर्मचारियों के लिए रिहायशी कमरे बनाने पर भी सहमति जताई गई। प्रधान के मुताबिक अमृतधारी परिवारों के बच्चों की हरियाणा कमेटी के स्कूलों में फीस माफ करने का मुद्दा भी जोरशोर से उठा, जिस पर सहमति बनी कि मैंबर साहिबान अपने निजी कोटे से विद्यार्थियों की फीस माफ कर सकते हैं। खेतीबाड़ी का विषय आने पर फसल का विविधिकरण अपनाने का सुझाव दिया गया, जिसमें कहा गया कि अपने गेहूं व जीरी के अलावा दालों की खेती भी करनी चाहिए। यही नहीं, हरियाणा कमेटी के उड?दस्ते विभाग को ओर भी मजबूत करने के लिए फलाइंग स्कवायड बनाने पर भी विचार किया गया। इतना ही नहीं, गुरुद्वारा लखनौर साहिब अंबाला में अजायब घर बनाने के बारे में भी मंथन किया गया।

इसके साथ ही हरियाणा कमेटी अपना ज्यूडिशियल कमीशन बनाने के लिए सरकार से बातचीत करेगी, जिसे लेकर पत्र भी सरकार को लिखा जाएगा। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने बताया कि कार्यकारिणी समिति की बैठक में इन प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाने के लिए आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## चुनावी ड्यूटी का बेहतर तरीके से निर्वाह करें कर्मचारीः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार अम्बालाः**

**जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त डा0 शालीन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाने में सेक्टर ऑफिसर की अहम भूमिका होती है। सेक्टर ऑफिसर की चुनाव से सम्बन्धित जो डयूटी लगाई गई है, वे उसका बेहतर तरीके से निवर्हन करें। सेक्टर ऑफिसर को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसकी ट्रेनिंग लेना भी सुनिश्चित करें ताकि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उपायुक्त आज पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में सेक्टर ऑफिसर की एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर



उनके साथ नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता भी मौजूद रहीं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 शालीन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सेक्टर ऑफिसर को कहा कि पोलिंग पार्टी और कमीशन के बीच सेक्टर ऑफिसर एक महत्वपूर्ण इकाई होती है। उन्होंने इस दौरान उन्हें मतदान से पहले, मतदान के दौरान तथा मतदान के उपरांत जो डयूटी उन्हें सौंपी गई है, उसका बारीकी से निवर्हन करने बारे उन्हें जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक के दौरान बताया कि चुनाव के दृष्टिगत 927 पोलिंग स्टेशन बनाये गये हैं तथा 10 से 12 पोलिंग स्टेशन के तहत एक सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया गया है यानि 92 सेक्टर ऑफिसर लगाए गये हैं। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर अपने मतदान केन्द्रों का दौरा करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान वहां पर बीएलओ से मिलना सुनिश्चित करेंगे तथा इस दौरान यह भी चैक करेंगे कि मतदान से सम्बन्धित वहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हों जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, एंट्री व एग्जिट की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करें। यदि कहीं पर कोई कमी है तो सम्बन्धित विभाग के संज्ञान में लाकर उसे दुरूस्त करवाना सुनिश्चित करेंगे। बीएलओ से यह भी जानकारी लेंगे कि कोई नई वोट बनवाने के लिये तो उनके पास कोई फार्म लम्बित नहीं है। नोमिनेशन से पहले नई वोट बनाने का कार्य किया जा सकता है। इसी प्रकार मतदान से पहले पोलिंग पार्टियां लगाई गई है और जो उनके अधीन आती हैं, वे चुनाव सम्बन्धित सामग्री के साथ डिस्पैच सेंटर से ले जाना सुनिश्चित करेंगे और जो उनकी डयूटी है, उस बारे भी उन्हें अवगत करवाना सुनिश्चित करेंगे। मतदान वाले दिन समय अनुसार मोक पोल करवाना सुनिश्चित करेंगे और उसके बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू करवायेंगे।

## एसपी ने अनुसंधान के कार्य में तीव्रता व स्पष्टता लाने के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुलिस अधीक्षक** दीपक सहारन द्वारा आज पुलिस लाईन के एडम ब्लाक के सभागार में अपराधिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रबंधक थाना व चौकी प्रभारियों के कार्यो का आंकलन कर उन्हें अनुसंधान के कार्य में तीव्रता व स्पष्टता लाने के आदेश दिए गए। उन्होंने पुलिस को आम जनता के लिए शुगम बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अपनी कार्यशैली को इस ढंग से बनाएं कि आने वाले दिनों में चुनाव डयुटियों में व्यस्तता के



कारण पब्लिक के कार्य में किसी प्रकार की कोई देरी न हो। एसपी ने कहा कि यदि किसी अधिकारी को किसी प्रकार के अपराध के संबंध में कोई सुचना प्राप्त होती है तो उस पर तत्परता से कार्य करें। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सभी अपने क्षेत्र में समय-समय पर गस्त व नाकाबंदी करें, ताकि आमजन के मन में सुरक्षा की भावना पुख्ता हो और अपराधिक तत्वों में भय का माहौल बना रहे।

# 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल... मैं आतंकवादी नहीं

## तिहाड़ से सीएम का संदेश: राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री का संदेश जनता के लिए पढ़ा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री का संदेश जनता के लिए पढ़ा। उन्होंने संदेश में पढ़ा कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवाद नहीं हूं। आजादी के बाद देश के सबसे बड़े घोटाले चुनावी बॉन्ड जिसके जरिए बीजेपी को रिश्वत दी गई। उसके पक्ष में देश के प्रधानमंत्री खड़े हैं, उसका बचाव कर रहे हैं।

**संजय सिंह ने भाजपा और पीएम मोदी को घेरा:** संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने ही देश के एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ जेल में आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। भाजपा और नरेंद्र मोदी नफरत से भरे हैं, तभी केजरीवाल से उनके परिवार और पंजाब के सीएम भगवंत मान से मुलाकात शीशे की दीवार खड़ी करा रहे हैं।

**साधा निशाना**

> 8 आजादी के बाद देश के सबसे बड़े घोटाले चुनावी बॉन्ड जिसके जरिए बीजेपी को रिश्वत दी गई

**अरविंद केजरीवाल न टूटेंगे और न झुकेंगे:** आगे कहा कि नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित कर उनको और आप के नेताओं को अपमानित व मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल को जितना तोड़ने की कोशिश करेंगे, वो और मजबूत होकर उनसे लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा सलूक आप के लिए कष्ट देने और मोदी और भाजपा के लिए शर्म करने की बात है। मोदी के इस तानाशाही कार्य की आप निंदा करती है, इससे अरविंद केजरीवाल न टूटेंगे और न झुकेंगे। गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जेल से भेजा हुआ संदेश पढ़ते हुए संजय सिंह ने कहा कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं। प्रधानमंत्री और उनकी 10 साल की सरकार ने देश के लिए कुछ नहीं किया।

### 'केंद्र का केजरीवाल के प्रति नफरत, दुर्भावना और तानाशाही का रवैया'

**प्रेस** कॉन्फ्रेंस के दौरान आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना और मणिपुर की समस्या समेत देश के मुद्दों पर कुछ नहीं बोला है। केंद्र सरकार का अरविंद केजरीवाल के प्रति नफरत, दुर्भावना और तानाशाही का रवैया है। संजय सिंह ने तिहाड़ जेल प्रशासन से पूछा कि आपने दिल्ली और पंजाब के चुने हुए मुख्यमंत्रियों की मुलाकात आतंकवादियों की तरह कराई। क्या जेल प्रशासन बता सकता है कि आज से पहले किस मुख्यमंत्री की इस तरह मुलाकात कराई गई। आप आज मुझे एक नाम बता दीजिए।

आगे कहा कि आजादी के बाद देश के सबसे बड़े घोटाले इलेक्टोरल बॉन्ड, जिसके जरिए भाजपा को रिश्वत दी गई। उसके पक्ष में देश के प्रधानमंत्री खड़े हैं, उसका बचाव कर रहे हैं। ये महाघोटाला है। फिर भी प्रधानमंत्री बेशर्मी से इसके पक्ष में खड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट की अवमानना कर रहे हैं।

# छात्रा नाजिया ने यूपीएससी में हासिल की 670वीं रैंक




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जामिया मिलिया इस्लामिया की छात्रा नाजिया परवीन ने यूपीएससी 2023 परीक्षा में 670वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह मेरा चौथा प्रयास था, मैं पिछले तीन प्रयासों में सफल नहीं हो सकी थी। नाजिया ने अपनी सफलता को लेकर कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। आपको उम्मीद नहीं खोनी चाहिए। तुम्हें अपनी गलतियों से सीखना चाहिए और उन्हें दुरुस्त करना चाहिए। नाजिया ने कहा कि परिजनों और दोस्तों का शुक्रिया करना चाहती हूं। उन्होंने मेरे इस सफर में मेरा भरपूर साथ दिया। यूपीएससी में प्रयास करना है यह ग्रेजुएशन से पहले ही तय कर लिया था। 2021 में जामिया आ गई थी। नाजिया ने एएमयू (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी) से बीकॉम में ग्रेजुएशन किया है। इसके के बाद प्राइवेट सेक्टर में नौकरी की, फिर नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी शुरू की।

**सफलता**

> 8 नाजिया ने अपनी सफलता को लेकर कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता

# आप ने जारी की गुजरात में स्टार प्रचारक की सूची



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को गुजरात में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सूची में कई नाम हैरान करने वाले हैं। मसलन लिस्ट में सबसे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम है। इसके अलावा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का भी नाम है। स्टार प्रचारक की लिस्ट में मनीष सिसोदिया का नाम है जो करीब बीते एक साल से जेल में बंद हैं। इसके अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सतेंद्र जैन का भी नाम है।

**गुजरात की दो सीटों पर लड़ रही आप:** आम आदमी पार्टी को इंडिया गठबंधन के तरह गुजरात की 26 लोकसभा सीट में से भरूच और भावनगर की दो सीटें मिली हैं। बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान पर हैं। आप ने भरूच से चैतर वसावा और भावनगर से उमेश मकवाना को उम्मीदवार घोषित किया है। गुजरात में सभी सीटों पर सात मई को मतदान होंगे।

**प्रचारक**

> 8 लिस्ट में सबसे पहले मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम है। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का भी नाम है

**सुनीता केजरीवाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से पार्टी में अचानक से सुनीता केजरीवाल की भूमिका बेहद अहम हो गई है। वो इन दिनों केजरीवाल द्वारा जेल से जारी संदेश को भी पढ़ती हुई नजर आती हैं। इससे पहले रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की आयोजित रैली में भी वह संबोधन करती हुई दिखाई दी थीं। हाल ही में दिल्ली में पार्टी के सभी विधायकों ने उनसे घर पर जाकर मुलाकात की और पार्टी की रणनीति पर चर्चा की थी।

# बाइक से आया युवक और एएसआई पर बरसाईं गोलियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मीत नगर फ्लाईओवर के पास एक शख्स ने गोलियां बरसा दी। एक गोली मोटरसाइकिल सवार दिल्ली पुलिस के एएसआइ दिनेश शर्मा और दूसरी गोली स्कूटी सवार अमित को जा लगी। इसके बाद हमलावर मुकेश ने जबरन एक ऑटो को रोककर उसमें बैठकर खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली लगने से एएसआइ की मौत हो गई, स्कूटी सवार का जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आशंका है कि मुकेश की एएसआइ से रंजिश थी। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जाय टिर्की का कहना है कि 11:42 बजे नंद नगरी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शख्स ने मीत नगर फ्लाईओवर पर गोलियां चला दी है। दो वाहन चालकों को गोलियां लगी है, हमलावर ने खुद को भी गोली मारी है। पुलिस मौके पर पहुंची।

# रेड लाइन पर रफ्तार भर रहीं आठ कोच की मेट्रो ट्रेनें

**राहत**

> 8 इस्तेमाल होने वाली दो मेट्रो ट्रेनों को छोड़कर बाकी अन्य सभी ट्रेनें आठ कोच की ट्रेन में तब्दील हो गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ब्लू व यलो लाइन की तरह दिल्ली मेट्रो के सबसे पुराने कॉरिडोर रेड लाइन (रिठाला-न्यू बस अड्डा गाजियाबाद) पर भी अब सभी आठ कोच की मेट्रो ट्रेनें ही रफ्तार भर रही हैं। इसका कारण यह है कि इस कॉरिडोर पर इस्तेमाल होने वाली दो मेट्रो ट्रेनों को छोड़कर बाकी अन्य सभी ट्रेनें आठ कोच की ट्रेन में तब्दील हो गई हैं।

**मेट्रो के व्यस्त कॉरिडोर में शुमार है रेड लाइन:** इससे रेड लाइन की मेट्रो में यात्रा करने वाले यात्रियों का सफर पहले से आसान हुआ है। लेकिन इस कॉरिडोर पर मेट्रो की कम फ्रीक्वेंसी अभी समस्या बनी हुई है। रेड लाइन दिल्ली मेट्रो के व्यस्त कॉरिडोर में शुमार है। लेकिन पहले इस कॉरिडोर पर छह कोच की मेट्रो ट्रेनों का परिचालन होता था। इस वजह से इस कॉरिडोर की मेट्रो में यात्रियों की अधिक होती थी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने ब्लू, यलो व रेड लाइन के लिए वर्ष 2018 में 120 कोच खरीदने की प्रक्रिया शुरू की थी।

अप्रैल 2021 तक ये सभी कोच दिल्ली पहुंच गए थे। यलो व ब्लू लाइन दिल्ली मेट्रो की सबसे व्यस्त कारिडोर है। इसलिए सबसे पहले ब्लू लाइन पर चलने वाली छह कोच की नौ मेट्रो व यलो लाइन की 24 मेट्रो में दो-दो अतिरिक्त कोच जोड़े गए। इसके बाद 34.55 किलोमीटर लंबी रेड लाइन की मेट्रो को नवंबर 2022 में आठ कोच में तब्दील करने का काम शुरू हुआ।

### रेड लाइन पर होता है 39 मेट्रो ट्रेनों का परिचालन

रेड लाइन पर 39 मेट्रो ट्रेनों का परिचालन होता है। पिछले वर्ष जून तक इस करिडोर की 14 मेट्रो ट्रेनें आठ कोच में तब्दील हो पाई थीं। इसके बाद पिछले करीब नौ माह में इस कॉरिडोर की 23 अतिरिक्त मेट्रो ट्रेनों में दो-दो कोच जोड़े गए हैं। इसलिए इस कॉरिडोर की अब 37 मेट्रो आठ कोच में तब्दील हो गई हैं। इन 37 मेट्रो ट्रेनों में कुल 74 नए कोच जोड़े गए हैं। मेट्रो के एक कोच में करीब 50 यात्रियों के बैठने के लिए सीट होती है। वैसे एक मेट्रो कोच की क्षमता करीब 350 यात्रियों का बोझ उठाने की होती है। इसलिए दो अतिरिक्त कोच बढ़ जाने से एक मेट्रो में 600-700 अधिक यात्री सफर कर सकते हैं। डीएमआरसी का कहना है कि इस कॉरिडोर की अन्य दो मेट्रो को भी आठ कोच में तब्दील करने की प्रकिया चल रही है। जल्द ही ये दोनों ट्रेनें भी आठ कोच की मेट्रो में बदल जाएंगी।



# महिला के दोस्त ने पति को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शास्त्री पार्क इलाके में एक महिला पति को बिना बताए अपने दोस्त के साथ घूमने चली गई। जब यह बात पति को पता चली तो उसने विरोध किया। इस पर महिला के दोस्त ने उसने उसके पति को पीट दिया। जब उसे बचाने के लिए उसका परिचित आया तो उसपर वाहन की चाबी से ताबड़तोड़ वार कर दिए। 29 वर्षीय युवक और उसके दोस्त को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया। प्राथमिकी उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी। महिला के पति की शिकायत पर शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने मारपीट, धमकी समेत कई धाराओं में सुनील के खिलाफ प्राथमिकी की है। शिकायतकर्ता अपने परिवार के साथ शास्त्री पार्क में रहता है। वह पर्स बनाने का काम करता है।




# आप विधायक अमानतुल्लाह की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के एक और विधायक अमानतुल्लाह खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमानतुल्लाह खान के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर सकती है। ईडी ने एसीबी को एक रिपोर्ट दी है, जिसमें कहा गया है की अमानतुल्लाह खान के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने की पुष्टि हुई है। ईडी की रिपोर्ट के आधार एसीबी मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। भारष्टाचार निरोधक कानून के तरह मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# न्यूजक्लिक के संस्थापक को नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने ये आदेश इस वजह से जारी किया क्योंकि उनका प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल उपलब्ध नहीं थे। इससे पहले शीर्ष अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को पुरकायस्थ की स्वास्थ्य स्थिति की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया था। इसके तहत याचिकाकर्ता के जेल रिकॉर्ड और संपूर्ण चिकित्सा इतिहास पर भी विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत का यह निर्देश तब आया जब सिब्बल ने पीठ को बताया कि उनके मुवक्किल की चिकित्सीय स्थिति के बारे में जेल अधिकारियों की ओर से दायर रिपोर्ट सही नहीं थी।



**सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे न्यूजक्लिक के संस्थापक:**
राष्ट्र विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए चीनी फंडिंग को लेकर यूएपीए के तहत अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए पुरकायस्थ ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने शीर्ष अदालत में दिल्ली हाईकोर्ट के 13 अक्तूबर, 2023 के आदेश को चुनौती दी, जिसमें ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए उन्हें पुलिस हिरासत में भेजा गया था। उसके बाद से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**रिपोर्ट**

> 8 सिब्बल ने पीठ को बताया कि मुवक्किल की चिकित्सीय स्थिति के बारे में दायर रिपोर्ट सही नहीं थी

# फर्जी बाबा की खुली पोल: नेवी ऑफिसर की वाइफ से लूट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेवी ऑफिसर की पत्नी को नकली सांप से डराकर और उसकी प्लैटिनम/ गोल्ड की अंगूठी जबरदस्ती लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान देबू नाथ, विनोद कामत और राजेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। यह तीनों पंजाबी बाग, नांगलोई और शकूरपुर के रहने वाले हैं। इनके पास से महिला की अंगूठी बरामद कर ली गई है। वारदात में इस्तेमाल ऑटो रिक्शा को भी जब्त कर लिया गया है। इसके साथ-साथ पुलिस ने नकली सांप, साधु का ड्रेस, मेटल का लोटा, बैग भी बरामद किया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि इस तरह की वारदात आरके पुरम थाना इलाके में अंजाम दिया गया था। जब अफ्रीका एवेन्यू रोड पर नेवी ऑफिसर की पत्नी के साथ इन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। पांच अप्रैल को इन्होंने उस महिला को रोक लिया, पहले तो उसे कहा कि वह कुछ लोटे में दान कर दे। जिससे उसका पुण्य होगा, भगवान उनका भला करेंगे, उनकी रक्षा करेंगे। उसके बाद जब महिला ने लोटे में अपनी अंगूठी और कैश डाल दिया तो उसके बाद इन्होंने डमी सांप से उसे डसने का डर दिखाकर धमकाया। फिर उसकी महंगी अंगूठी लेकर वहां से फरार हो गए। मामले की सूचना महिला ने पुलिस को दी। आर के पुरम थाना की पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की। एसएचओ रविंद्र कुमार त्यागी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाना शुरू किया। जिस ऑटो से यह लोग भागे थे उसकी पहचान की गई और फिर पुलिस टीम उस रूट को चेक करते हुए इन आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई। इन्हें फिर एक-एक करके गिरफ्तार किया गया। जब्त किया गया ऑटो नांगलोई की रहने वाली एक महिला के नाम पर रजिस्टर्ड था। जिसे उसने निहाल विहार के रहने वाले एक शख्स विनोद को चलाने के लिए किराए पर दिया था। विनोद के पकड़े जाने पर उसने बताया कि करीब 15 दिन पहले तीन चार साधु से उसकी मुलाकात हुई। उसने ऑटो हायर किया और रोज का 800 सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक देने का वादा किया। वह उन साधु को झुग्गी से लेता और बाद में फिर दोपहर के बाद उन्हें वहीं छोड़ देता था।

# चुनावी प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के लिए किया जाए टीम का गठनः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा के** मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ समीक्षा की और उनकों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने-अपने जिलों में स्वीप




कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के लिए टीम का गठन किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने करीब 18 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की, इनमें मुख्यः सोशल मीडिया पर निगरानी कमेटी का गठन करने, फार्म नंबर 6 व 8 के निपटारे बारे, विधानसभा अनुसार पोलिंग पार्टियों की ट्रेनिंग, चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों की सूची भिजवाने बारे, पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए आरओ व एआरओ स्तर पर सुविधा केंद्र की स्थापना, जिला संचार योजना तैयार करने, मतगणना केंद्रों की स्थापना की अपडेट रिपोर्ट भिजवाने तथा मतदान केंद्रों के भवनों का शत प्रतिशत फिजिकल वैरिफिकेशन का प्रमाण पत्र भिजवाने इत्यादि विषय शामिल रहें।

**लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप-चुनाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी : उत्तम सिंह**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने वीसी में उपरोक्त विषय की समीक्षा के दौरान बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप-चुनाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों की प्रथम रेंडम माईजेशन 18 अप्रैल को की जाएगी तथा ट्रेनिंग 22 अप्रैल से 24 अप्रैल 2024 तक देने का शेड्यूल तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिला में 10 दिसम्बर 2023 से 15 अप्रैल 2024 तक फार्म नंबर 6 के तहत 17 हजार 673 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15 हजार 343 का निपटारा करते हुए नई वोट बनाने का कार्य किया गया है तथा शेष पर कार्य जारी है। इसी प्रकार से फार्म नंबर 8 के तहत वोटर कार्ड में अपना निवास स्थान बदलवाने के लिए 2615 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 2273 मतदाताओं के आवेदन पत्रों का निपटारा कर दिया गया है तथा शेष पर कार्य जारी है।

# वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केन्द्र पर लाइन की जानकारीः सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निर्वाचन आयोग** द्वारा जारी की गई वोटर इन क्यू एप के माध्यम से चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी ली जा सकेगी। एप पर जानकारी लेकर मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकेंगे। ऐसे में इस एप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन



मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते है। जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते है। कई बार मतदाता भीड को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते है, इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उ न्हो ंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताया कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते सात गिरफ्तार

**सोनीपतः सीआईए की टीम ने कुमासपुर** के पास स्थित टीडीआई एस्पेनिया में छापा डालकर आईपीएल मैच पर सट्टा लगवा रहे सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हैदराबाद व बंगलूरू टीमों के मुकाबले पर सट्टा लगा रहे थे। सीआईए की टीम ने आरोपियों से 12 मोबाइल, दो लैपटॉप, एलईडी, सेटअप बॉक्स, 5500 रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सीआईए-1 में नियुक्त एएसआई सिकंदर ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि वह अपनी टीम में शामिल एएसआई अनिल कुमार, हवलदार अनिल, राजेश, विकास, उमेश व सुधीर के साथ कुमासपुर के पास मौजूद थे। तभी जानकारी मिली कि टीडीआई एस्पानिया में फ्लैट में राजन व प्रवेश उर्फ रोकी नाम के दो युवक साथियों के साथ सट्टा लगवाते हैं। वह आईपीएल में हैदराबाद व बंगलूरू की टीम के बीच क्रिकेट मैच में सट्टा लगा रहे हैं। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंची तो छठे फ्लोर के फ्लैट नंबर-6 में सट्टा लगाया जा रहा था। आरोपित कमरे के अंदर से स्टोरियो से रेट फिक्स करने को कॉल कर रहे थे। पुलिस ने फ्लैट में रेड की तो सात युवक मिले। वह मोबाइल पर मैच के बारे में जानकारी बता रहे थे। पुलिस ने आरोपितों को पकड़ लिया। उनकी पहचान गांव बारोटा निवासी राजन, न्यू ब्रह्म कॉलोनी निवासी प्रवेश कुमार उर्फ रोकी, राजस्थान के श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ स्थित न्यू ओल्ड कॉलोनी निवासी विपीन अरोड़ा, श्रीगंगानगर के जवाहर नगर स्थित एसएसबी रोड निवासी विरेंद्र, मूलरूप से सूरतगढ़ की आदर्श कॉलोनी फिलहाल सुदामा नगर निवासी वरुण, आदर्श कॉलोनी निवासी लोकेश तथा पंजाब के जिला जालंधर के थाना नकोदर स्थित गांव शकर निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ गौरा के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से 12 मोबाइल, दो लैपटॉप, एलईडी, सेटअप बॉक्स, 5500 रुपये, चार्जर, दो कैलकुलेटर, टीवी रिमोट समेत अन्य सामान बरामद किया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को जमानत पर रिहा कर दिया।

### चाकू की नोक पर चार पहिया वाहन चालक से हजारों रुपये की राशि व मोबाइल लूटा

**सोनीपतः कुं**डली थाना क्षेत्र के गांव बारोटा के पास फोर-व्हीलर चालक को रोकने के बाद गर्दन पर चाकू अड़ाकर बाइक सवार दो बदमाशों ने 35 हजार रुपये व मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम दिया है। वारदात को अंजाम देकर बदमाश भाग निकले। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सुलखनी हिसार निवासी नवीन ने बताया कि वह एक माह से हिसार के गांव बडाला निवासी संदीप पूनिया के फोर-व्हीलर (टाटा इंट्रा) पर चालक है। वह हिसार से शाम नौ बजे बारोटा के लिए चले थे। देर रात दो बजे वह बारोटा के स्कूल के पास पहुंचे तो अचानक बाइक सवार दो युवकों ने उनकी गाड़ी के आगे बाइक रोककर उन्होंने रोक लिया। उनके गाड़ी रोकते ही एक युवक ने उनकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। उसी दौरान दूसरे युवक ने गाड़ी में रखे 35 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया।

### कहासुनी की रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप

**सोनीपतः मुरथल थाना क्षेत्र** में मामूली कहासुनी की रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट करने व धमकी देने के आरोप व बीच-बचाव करने आई युवक की रिश्तेदार से अभद्रता करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरके कॉलोनी निवासी राजेंद्र ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। कुछ दिन पहले उसकी रोहन उर्फ गोगली से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। गत 15 अप्रैल को को किसी काम से अपनी रिश्तेदार के घर जा रहा था। रास्ते में गली में रोहन, सेवक, जग्गु, राकेशनाथ, मनीष व सीमा, आतिश निवासी बहादुरगढ़ ने उसका रास्ता रोक लिया।
उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की जाने लगी। बीच-बचाव करने आई उसी साली सालु के घर में इंटों से हमला कर दिया। उसके बाद धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

# नाबालिग के साथ रेप का मामला आया सामने

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में प्रेमी** ने अपनी विवाहित प्रेमिका की नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार कर दिया। प्रेमी के पास घर की घर की डूप्लीकेट चाबी थी, जो उसकी गैर मौजूदगी में घर में घुसा और डरा-धमका कर उसकी बेटी के साथ रेप किया। प्रेमिका ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। सेक्टर 32-33 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल में सेक्टर 32-33 के अधीन आने वाले एरिया की एक महिला ने शिकायत में बताया है कि

**शर्मनाक**

**8 प्रेमी के पास घर की घर की डूप्लीकेट चाबी थी, जो उसकी गैर मौजूदगी में घर में घुसा बेटी के साथ रेप किया**

वह एक व्यक्ति के साथ रिलेशन में है और उसके प्रेमी का उसके घर आना जाना लगा रहता है। उसने मुझे बिना बताए मेरे घर की डूप्लीकेट चाबी बनवा रखी थी। प्रेमिका ने आरोप लगाया है कि आरोपी प्रेमी पीछे से घर में आ जाया करता था, क्योंकि मैं काम के लिए बाहर जाती थी। महिला ने बताया कि 15 व 17 मार्च को आरोपी प्रेमी घर में घुसा और घर पर अकेली उसकी 17 वर्षीय बेटी को डरना धमकाना शुरू कर दिया। डरा धमका कर उसके साथ गलत काम कर दिया। आरोपी ने बेटी को धमकी दी हुई थी कि अगर उसने किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसकी बेटी डिप्रेशन में थी और इसी घटना के चलते उसकी बेटी ने दवा खाकर अपनी जान देने की भी कोशिश की थी। उस दौरान बेटी ने कुछ नहीं बताया था और नानी के घर जाने की जिद्द करने लगी। शिकायतकर्ता ने बताया है कि आरोपी ने मेरी बेटी को अपने आप को मारने का कहकर मेरी बेटी के साथ गलत काम करता रहा। फिर मैंने अपनी बेटी से सारी बात पूछी तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। उसने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सेक्टर 32-33 थाना की जांच अधिकारी कविता ने बताया कि नाबालिग के साथ गलत काम करने की शिकायत मिली है। आरोपी नाबालिग की मां के साथ भी रिलेशन में था। आरोपी ने नाबालिग को डरा धमका कर गलत काम किया और जान से मारने की भी धमकी दी है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। तथ्यों के अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः राई थाना पुलिस ने युवक** की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनस निवासी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शास्त्री नगर दिल्ली निवासी जगतार ने गत 18 नंवबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि 13 नवंबर 2019 को उसका छोटा बेटा गगनदीप करीब 3 बजे घर से जालधंर पंजाब से अपनी वीजा संबंधित कार्य को लेकर घर से निकला था। अगले दिन उन्हें सूचना मिली कि गगनदीप का शव लावारिस हालत में बढ़खालसा के पास पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल चौथे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अदालत से आरोपित को रिमांड पर भेजने की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# जिला कारागार में मिला मोबाइल फोन, पुलिस को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सोनीपत-गोहाना सड़क** मार्ग पर स्थित जिला कारागार में तलाशी अभियान के दौरान मोबाइल फोन बरामद किया है। कारागार प्रबंधन ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। कारागार प्रबंधन की तरफ से कोर्ट कांप्लेक्स चौकी पुलिस को शिकायत देकर बताया कि गत 15 अप्रैल को दोपहर एक बजे स्पेशल तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान उप अधीक्षक, उप अधीक्षक सुरक्षा व वार्डर महावीर, राजेश सुदेश व सुग्रीव ने मिलकर सुरक्षा वार्ड एसी ब्लॉक में तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान वार्ड सी ब्लॉक की चक्की नंबर-13 के ऊपर वाले जंगले में छिपाया पेपर व पॉलीथिन में लिपटा हुआ एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। वार्ड में बंदी अंकित निवासी आंवली, अश्वनी निवासी दोदवा, दीपक निवासी सुंदरपुर रोहतक, संजीव निवासी फतेहपुर कॉलोनी बंद है। उक्त बंदियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कैथल रोड स्थित** गुरुद्वारा के सामने संदिग्ध हालत में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं। परिजनों ने लूट के इरादे से युवक की हत्या के आरोप लगाए हैं। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यमुना विहार निवासी मृतक 19 वर्षीय निखिल के पिता ईश्वर सिंह ने बताया कि उसका बेटा अपने मामा के गांव ढांड में सैलून का काम करता था। 14 अप्रैल ही को वह दिल्ली से अपने



घर यमुना विहार करनाल में आया था। मूल रूप से वह रहने वाले कतलाहेड़ी गांव के है, जो पिछले 8 साल से करनाल में ही रह रहे हैं। ईश्वर ने बताया कि निखिल उसका सबसे छोटा बेटा है। उसका एक बड़ा भाई भी है और दो बहने हैं। कल जब वह दिल्ली से आया तो उसके पास 1200 अमेरिकी डॉलर थे और करीब 15 हजार रुपए कैश था। कल शाम को वह नहर की तरफ घूमने के लिए गया था, लेकिन उसके बाद देर रात को गुरुद्वारा के पास उसका शव पड़े होने की सूचना पुलिस ने उन्हें दी। उसके शरीर काफी चोटों के निशान थे। उसने बताया कि लूट के इरादे से उसके बेटे निखिल के साथ बुरी तरह से मारपीट हुई है। जब वह मर गया तो उसे आरोपियों द्वारा गुरुद्वारा के पास फेंक दिया और वहां से भाग गए। ईश्वर सिंह ने बताया कि निखिल के पास जो डॉलर, पैसे और मोबाइल था वह भी उसके पास नहीं मिले। निखिल कुछ ही दिनों में वह अमेरिका अपने चाचा के पास जाने वाला था, जिसकी वह तैयारी कर रहा था। उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी।
विदेश में अपने चाचा के पास जाकर वह और पैसे कमाना चाहता था। रामनगर थाना के प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने रात को शव को कब्जे में ले लिया था। शरीर काफी चोटों के निशान हैं। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों हवाले कर दिया जाएगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

# गांव मोहदीनपुर का युवक बेलारूस में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** मोहदीनपुर से डोंकी के जरिए विदेश गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने युवक की बेलारूस में हत्या किये जाने की आशंका जताई है। परिजनों ने मीडिया के सामने युवक की फोटो भी जारी की है, जिसमें युवक को बंदूक की दम पर रखा हुआ है। इसके बाद से परिजन चिंतित हैं और युवक की सलामती की दुआ कर रहे हैं। परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। परिवार ने न्याय की मांग को लेकर एसपी करनाल से भी मुलाकात की है।



युवक अश्विन की माता का कहना है कि निगदू का कोई एजेंट था, जिसके जरिए मैंने अपने बेटे को डोंकी से लाखों रुपए खर्च करके बीते अक्टूबर माह में जर्मनी भेजा था। इसके लिए मैंने साढ़े 7 लाख रुपए एजेंट को दिए थे और एक लाख रुपए मेरे बेटे से अपने खाते में डलवाए थे। एजेंट द्वारा अश्वनी को पहले मास्को भेज दिया गया था, लेकिन उसे डोंकर बेलारूस ले गए। अश्वनी के साथ करीब 12 लडके विदेश गए थे, वे तो वापस लौट आए, लेकिन अश्वनी नहीं लौटा। बीते एक माह से मेरे बेटे के साथ मेरी कोई बातचीत नहीं हो रही। जो लडके वापस आए है उन्होंने बताया है कि मेरा लडका मर चुका है और एक वीडियो भी हमें मिली है, जो बेलारूस की है, जिसमें गन पाइंट पर अश्वनी को लिया हुआ है। पीडित मां संतोष ने बताया है कि उसने एजेंट से भी बात की है। लेकिन एजेंट कहता है हमारी जिम्मेदारी यहां से भेजने की होती है और आगे का काम डोंकरों द्वारा किया जाता है। पीडित मां ने बताया कि पूरी जिम्मेदारी एजेंट की ही बनती है। एजेंट की पत्नी और भाई पैसे लेने के लिए आते थे, तब उन्होंने कहा था किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। लेकिन जो लडके वापस आए हैं उन्होंने भी यही बात कही है कि डोंकर उन्हें बेल्टों से मारता था, कई तरह की यातनाएं देता था।

# ढाबे से नकदी चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर मुरथल के पास स्थित ढाबे से नकदी चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को मुरथल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित व प्रदीप निवासी खाठारी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। झिलमिल ढाबा निवासी मंजीत ने 8 अप्रैल को शिकायत देकर बताया था कि उसके पास पांच व्यक्ति काम करते थे। जिनका नाम दलीप, प्रदीप, अंकित, ओमकार व विनोद है। रात को ढाबा झिलमिल व प्राइम रोज होटल का दोनों का कैश 9 लाख 80 हजार चोरी करके भाग गए। दोनों स्थानों पर सात से आठ दिन का कैश था। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। मुरथल थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक विजयपाल ने बताया कि उनकी टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

# आत्मा से मदद के सरोकार को निभाता है हैफेड डीएम उधम सिंह का परिवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अपने लिए जीए** तो क्या जिए ऐ दिल तू जी जमाने के लिए, एक प्रसिद्ध फिल्म के गीत की ये पंक्तियां आज के कलियुगी और घोर स्वार्थी युग में भी एक नेक दिल इंसान पर पूरी तरह फिट बैठती हैं। कोरोना काल हो या फिर किसी असहाय की मदद या किसी भी तरह की सेवा का काम, एक दंपत्ति जोड़ा ऐसा है जो उनकी वास्तविक स्थिति का तुरंत अवलोकन कर उनकी हर तरह से मदद करने को तैयार रहता है। हम बात कर रहे हैं हाल ही में सेक्टर 32 स्थित कांबोज धर्मशाला में अपने पिता स्वर्गीय राम सिंह की याद में 6 लाख रुपए की कीमत एक कमरा



डोनेट करने वाले हैफेड के जिला प्रबंधक उधम सिंह की। मूल रूप से इंद्री के गांव बदरपुर में रहने वाले उधम सिंह पारिवारिक रूप से काफी संपन्न हैं। उनकी धर्मपत्नि आरती कांबोज गांव संगोहा में शिक्षिका हैं और इकलौता बेटा उमंग कांबोज दिल्ली यूनिवर्सिटी के बेहतरीन सीएलसी कॉलेज से वकालत कर रहा है। शायद ही किसी को यकीं हो लेकिन सच है कि उमंग कांबोज अपनी पॉकेट मनी से पैसे बचाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद करता है और यही कार्य उनका दिल्ली में भी बरकरार है। उनकी मां आरती कांबोज ने सरकारी शिक्षिका ज्वाइन करने से पहले कई बरस जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क पढ़ाया है। आजकल भी वे डयूटी के बाद अनाथाश्रम के बच्चों को बिना किसी मेहनतनामे के पढ़ा रही हैं। इस परिवार में ये संस्कार उधमसिंह के पिता स्वर्गीय राम सिंह की बदौलत हैं। यानी दादा से लेकर पोते, बहुओं में गहरे से सच्ची समाजसेवा की भावना। अपनी डयूटी, दोस्ती और वादे के प्रति गहरे रूप से समर्पित हैफेड डीएम उधम सिंह अपने स्वर्गीय पिता राम सिंह के सेवा से पनपे संस्कार की सच्ची घटना सुनाते हुए बताते हैं कि उनके पिता से जो कोई भी मदद के लिए आता वे उसकी मदद जरूर करते। सन 1992-93 की बात है कि एक दिन उन्होंने सर्दी में अपने पहनने के लिए नई शाल निकाली थी। दिन में करीब 11-12 बजे के बीच दरवाजे पर उन्होंने ठंड से ठिठुरते बुजुर्ग को देखा और अपनी शाल उतारकर उसे पहना दी। पिताजी कहते थे कि बेटा हमेशा जरूरतमंद की मदद करना, भगवान तुम्हारे घर में कभी किसी चीज की कमी नहीं रहने देंगे। इस घटना का उनके बालमन पर गहरा असर हुआ और उन्हीं संस्कारों के कारण ही आज भी जीवन में उनका सबसे बड़ा काम सेवा और समर्पण है। सनातनी परंपरा में गहरे से यकीन करने वाले उधम सिंह ने जनवरी में अयोध्या में स्थापित श्री राम मंदिर के लिए खुद व स्टाफ से राशि एकत्रित करके भेजी।

# चुनाव के मद्देनजर पोस्टर, बैनर तथा होर्डिंग स्थल किए चिन्हित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 25 मई को लोकसभा के आम चुनाव होने निश्चित हुए है। जिसके मद्देनजर करनाल लोकसभा की हर विधानसभा क्षेत्र में सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी पोस्टर व बैनर तथा होर्डिंग लगाने हेतू जगह चिन्हित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक पार्टियों को आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करना आवश्यक है। उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे लोकसभा क्षेत्र के लिए पोस्टर, बैनर तथा होर्डिंग अन्य चुनाव प्रचार सामग्री के लिए जगहों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कोई भी व्यक्ति जिला निर्वाचन कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकता है। रतनगढ़ गांव के पास मेन गेट नजदीक किला काटजू नगर, करनाली गेट नजदीक शीशगंज गुरुद्वारा, नये बस स्टैंड की चारदीवारी के पास एयूएचबीवीएन कैम्पस के बाहर वाली दीवार, सेक्टर 9 की मार्केट में पार्किंग क्षेत्र, अटल पार्क का पार्किंग क्षेत्र, सेक्टर 32 में स्थित नूर महल के सामने का क्षेत्र, अटल पार्क के नजदीक जिमखाना क्लब का क्षेत्र, सेक्टर 32-33 में पिछले वाली सडक का क्षेत्र, ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क का ओपन क्षेत्र, सेक्टर 6-7 का डिवाइडर रोड़, ताऊ देवी लाल चौक के नजदीक सैक्टर 6 का ग्रीन क्षेत्र, काम्बोपुरा गांव के साथ लगता ऑपन एरिया, पीडब्ल्युडी रैस्ट हॉऊस की चारदिवारी, किसान चौक के नजदीक मार्किट एरिया का पार्किंग क्षेत्र, नई अनाज मंडी के चारों ओर का क्षेत्र, कर्ण पार्क की चारदिवारी, पीएसके करनाल के सामने वाला क्षेत्र आदि।

# सबका साथ-सबका सम्मान यही जीवन का आधार: राजेश भाटिया

जन्मदिवस

8 हर्षोल्लास से मनाया गया हिनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 एवं ब्यापार मंडल के प्रधान का जन्मदिवस



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1 तथा ब्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया का जन्मदिवस आज मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के गणमान्य लोगों ने फूलों के गुलदस्ते, केक काटकर व मिठाईयां खिलाकर श्री भाटिया का जन्मदिवस मनाया और उनकी दीघार्यु की कामना की। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में राजेश भाटिया को बधाईयां देने वालों का तांता लग गया, जैसे जैसे दिन चढ़ता गया, लोगों की तादाद भी बढ़ती गई, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, दुकानदार, व्यापारी, राजनैतिक दलों के लोग बडी संख्या में राजेश भाटिया को बधाई देने पहुंचे। इससे पूर्व राजेश भाटिया ने सुबह मंदिर में पूजा अर्चना की और महामाई का गुणगान करके आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए राजेश भाटिया ने कहा कि उनके जीवन का आधार यह है कि सबका साथ और सबका विकास हो, इसी नीति के तहत वह कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज लोगों के प्यार और आशीर्वाद की बदौलत ही इस मुकाम पर है और मंदिर समिति, ब्यापार मंडल सहित अनेकों सामाजिक व राजनैतिक पदों पर आसीन है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने का जहां उन्हें अवसर मिलता है, हमेशा तैयार रहते है। उन्होंने कहा कि वह निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते है, जो भी लोग उनके पास आते है, वह पूरी तरह से उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत रहते है। जन्मदिवस पर लोगों के मिले प्यार व सम्मान के लिए उन्होंने लोगों का दिल से शुक्रिया किया।

# अग्रोहा धाम में 20 व 21 अप्रैल को वैश्य समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन होगा- बजरंग

अग्रोहा धाम

8 अग्रोहा धाम में सभी देवी-देवताओं के त्योहार व हर पूर्णिमा पर कार्यक्रम का आयोजन होता है- गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा धाम में 20 व 21 अप्रैल को होने वाला राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन पर विचार किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंदिरों में पूजा-पाठ करने के उपरांत कहा कि समाज के संगठन को ओर मजबूत बनाने व विस्तार करने के लिए 20 व 21 अप्रैल को राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन अग्रोहा धाम में होगा। 20 अप्रैल को भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। अग्रोहा धाम में लगातार नवरात्रों पर पूजा का कार्यक्रम चल रहा है। चैत्र नवरात्रि अष्टमी के पावन पर्व पर विशेष पूजा-पाठ का कार्यक्रम किया गया। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में हर देवी-देवताओं के त्योहार पर विशेष कार्यक्रम होता है। यहां तक की पूर्णिमा पर भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम, छप्पन भोग व भंडारे का आयोजन हर महीने होता है। अग्रोहा धाम के साथ देश के वैश्य समाज व आम जनता की आस्था जुडी हुई है। अग्रोहा धाम में जनता के सहयोग से करोड़ों रुपए की लागत से भोजनालय कक्ष बनाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजनीतिक दल व चुनावी उम्मीदवार चुनाव कार्यालय के खोलने के दौरान चुनाव आयोग के निदेर्शों की करें पालना :शांतनु



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दल व चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अपना अस्थाई चुनाव कार्यालय किसी भी मतदान केन्द्र की 200 मीटर की दूरी में नहीं खोल सकता और ऐसे चुनाव कार्यालयों में संबंधित पार्टी का केवल एक झंडा और बैनर ही लगाया जा सकता है ।उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनाव कार्यालय खोलने के बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों जारी किए हैं, जिसके तहत अस्थाई चुनाव कार्यालय खोलने के लिए सार्वजनिक एवं निजी जमीन का प्रयोग कब्जे के रूप में ना किया जाए और किसी भी धार्मिक स्थल परिसर में कार्यालय नहीं खोला जाए। कोई भी चुनाव कार्यालय किसी भी शिक्षण संस्थान अथवा अस्पताल के समीप भी नहीं खोला जा सकता। सभी राजनीतिक पार्टियों के अस्थाई चुनाव कार्यालयों में संबंधित पार्टी का चुनाव चिन्ह और फोटोग्राफ वाला केवल एक झंडा और बैनर लगाया जा सकता है। चुनाव कार्यालय में प्रयोग किये जाने वाला बैनर चार बाई आठ फुट से ज्यादा बड़ा नहीं हो सकता। अगर प्रशासन द्वारा बैनर और होर्डिंग के लिए छोटा आकार निर्धारित किया जाता है तो पार्टियों को उसी साइज के हिसाब से बैनर अथवा होर्डिंग बनवाने होंगे ।उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा किसी की निजी भूमि, भवन आदि पर उसके मालिक की अनुमति के बिना झंडा, नोटिस, नारे, होर्डिंग और पोस्टर आदि का प्रयोग भी नहीं किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चुनाव कार्यालयों या किसी अन्य स्थान पर चुनाव प्रचार के लिए प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है और लाउडस्पीकर के प्रयोग की अनुमति सम्बन्धित उपमंडल अधिकारी (नागरिक) से लेनी अनिवार्य है।

### जींद :मंडियों में लगे गेहूं के ढेर, उठान धीमा

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
अनाज मंडी अलेवा में भले ही जिला प्रशासन द्वारा गेहूं की खरीद के लिए दो सरकारी एजेंसी निर्धारित कर गेहूं की सरकारी खरीद कराई जा रही होए लेकिन सरकारी एजेंसी वेयर हाउस द्वारा मंडी में खरीदे गए गेहूं के बैगों की लिफ्टिंग का कार्य धीमी गति से कराए जाने से गेहूं के बैगों के ढ़ेर लगे हुए है। इससे किसानों व आढ़तियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्केट कमेटी के रिकार्ड के अनुसार मंगलवार तक मंडी में दो लाख पांच हजार क्विंटल गेहूं की फसल किसानों द्वारा बेचने के लिए लाई गई है।
इनमें से जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई सरकारी एजेंसी वेयर हाउस द्वारा 62 हजार क्विंटल एक लाख 24 हजार बैग व हैफेड द्वारा 78 हजार क्विंटल एक लाख 56 हजार समेत गेहूं के 2 लाख 80 हजार बैगों की खरीद की गई है। सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा मंगलवार शाम तक 60 हजार बैगों का उठान कराया जा चुका है लेकिन सरकारी खरी एजेंसी वेयर हाऊस द्वारा मंगलवार शाम तक दो से तीन हजार बैगों का ही उठान कराया गया है।
बैगों का उठान धीमी गति से कराए जाने के कारण आढ़तियों को गेहूं की पफसल को जेसीबी की सहायता से ढ़ेर बनाकर किसानों के लिए फसल डालने की जगह बनाई जा रही है। इससे किसानों व आढ़तियों को काफी परेशानी झेलनी पड रही है।
खरीद एजेंसी वेयर हाऊस के इंस्पेक्टर जयदीप ने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसी द्वारा उचाना गोदाम में ट्रक से गेहूं के बैगों को खाली करने के लिए लेवर की कमी के कारण उठान कराने में समस्या हो रही है। इस मामले में उच्च अधिकारियों से बात कर बुधयार या वीरवार तक लेवर की व्यवस्था करा गेहूं के बैगों की लिफटिंग के कार्य में तेजी लाई जाएगी।

## रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
रामनवमी के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि महोत्सव मेला समिति शोभायात्रा निकालेगी। शोभा यात्रा स्थानीय घीया मंडी प्राचीन राम मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा का प्रारंभ भगवान श्रीराम की आरती के साथ होगा। घोड़े और बैंड बाजे के साथ श्रद्धालु शोभायात्रा में साथ चलेंगे। 20 फीट का जय श्री राम का झंडा व भव्य स्वरुप में भगवान श्रीराम की प्रतिमा बनायी गयी है। भगवान श्री राम भक्ता हनुमान तथा अयोध्या में विराजे श्री राम की आकृति का डोला मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

# नेता लोगों के घरों में आ रहे पानी को पी कर दिखाए, वोट पाए: जयहिंद

पानी की समस्या

8 रोहतक की जसबीर और कबीर कॉलोनीवासी पानी की समस्या को लेकर पहुंचे जयहिंद के तंबू मे



**मंगलवार** को जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद के टेंट में जसवीर रोहतक के जसवीर कॉलोनी के सैकड़ों महिलाएं और बुजुर्ग उनके घरों मे आ रहे गंदे पानी की शिकायत को लेकर उनके पास पहुंचे।
जसबीर कॉलोनी की महिलाओं ने बताया कि वह पिछले 5 साल से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। न पार्षद, मेयर, विधायक और ना ही सांसद ने उनकी समस्या को सुना और न ही कोई समाधान किया। जसबीर कॉलोनी की एक महिला ने बताया कि पिछले 1 महीने से उनकी कालोनी में पानी तक नहीं आ रहा है जब 1 महीने बाद पानी आया तो सीवर का पानी उनके घरों में आने लगा। इस पानी में इतनी बदबू आ रही है कि उनका घरों में रहना तक मुहाल हो गया है । आखिर में परेशान होकर वह अपनी गुहार नवीन जयहिंद के पास लेकर आई है।
इस मौके पर नवीन जयहिंद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह पहले भी प्रदेश की पानी की समस्या को उठा चुके हैं। आज उनके पास रोहतक के जसवीर और कबीर कॉलोनी की महिलाएं अपने घरों में आ रहे गंदे पानी की समस्या को लेकर आई है। जो गंदा पानी कॉलोनी वासी पी रहे हैं वहीं पानी अगर चुनाव में खड़े नेता पीकर दिखा दे तो सभी कॉलोनी वासियों उन्हे वोट देंगे। पिछले 5 साल से उनकी कॉलोनी की किसी नेता ने सुध तक नहीं ली सड़क खराब पड़ी है थोड़ी सी बारिश में सीवरेज ठप्प हो जाते हैं और आज वही नेता घर घर वोट मांगते फिर रहे हैं ।
जयहिंद ने कहा कि जगह- जगह कार्यक्रम करने वाले विधायक, सांसद, नेता का कॉलोनीवासी खुद कार्यक्रम करवाएंगे फूल- माला भी पहनाएंगे, लड्डू भी खिलाएंगे और वोट भी देगें लेकीन इनके घर का पानी पीना पड़ेगा ।जयहिंद ने बताया कि ये कॉलोनियां कोई अवैध नही है । यहां रह रहे लोग टैक्स भी भरते हैं और वोट भी डालते हैं। अगर इन नेताओं को इन लोगों की वोट चाहिए तो उनकी समस्या का समाधान भी करना होगा। जनता की समस्या का समाधान करना सांसद, विधायक, पार्षद और अधिकारियों की जिम्मेदारी है, वे जनता पर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं।

# गीता निकेतन विद्या मंदिर ,सेक्टर- 3 विद्यालय में हुआ रामनवमी का भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
गीता निकेतन विद्या मंदिर ,सेक्टर- 3 विद्यालय में रामनवमी के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय में विवेकानंद सदन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हे मुन्ने छात्रों को भगवान राम के जीवन से परिचित करवाना एवं उनके गुणों को अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणा देना रहा ।इस अवसर पर विद्यालय आचार्या श्रीमती उर्मिला जी ने चैत्र शुक्ल पक्ष, नवमी के बारे में छात्रों को बताया कि चैत्र माह की नवमी तिथि को बेहद खास माना जाता है। इस दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है।
इसके साथ ही सिद्धदात्री माता की पूजा के साथ ही नवरात्रि का समापन भी इसी दिन होता है। इस अवसर पर विद्यालय में राम स्तुति का पाठ किया गया एवं भगवान श्री राम के अनेक भजन प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री सुमित कुमार जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं ।उनका संपूर्ण जीवन हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है ।हमें उनके गुणों को अपने अंदर ग्रहण करना चाहिए ।

## गुरुग्राम की सुमन यादव ने यूपीएससी में पाया 170वां रैंक

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
शहर के सराय अलावर्दी की रहने वाली सुमन यादव ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 170वां रैंक हासिल किया है। मंगलवार को यूपीएससी की ओर से सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन का जब परिणाम आया और सुमन यादव का नाम देखकर परिजनों की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा।
सुमन ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। पिछले वर्ष भी सुमन यादव ने परीक्षा दी थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। पिछले तीन वर्षों से सुमन यादव यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। सुमन के मुताबिक उन्होंने पहली से 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई गुरुग्राम से की है।

# प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में विशाल भव्य जागरण व भंडारे में राज्यों से उमड़े श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार, 16 अप्रैल (महेंद्र गोयल)**
: प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में नवरात्रों के अवसर पर आयोजित किए गए विशाल भव्य जागरण व भंडारे में हरियाणा से ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। बरवाला के पूजा सांवरिया जागरण ग्रुप के सुशील गर्ग, पूजा व प्रिंस गोयल लहरागगा सहित कई कलाकारों व गायकों ने भजनों के माध्यम से समां बांध दिया। उन्होंने अपने मधुर कंठ से मां चण्डके देवी व अन्य देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान किया।
मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया कि नवरात्रों में मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई और अटूट भंडारा चलाया गया। रात्रि जागरण में श्रद्धालुओं की भीड़ का कोई पारावार नहीं रहा। पूजा, भंडारे व रात्रि जागरण में स्वामी कृष्णानंद जी महाराज खरड़ अलीपुर, स्वामी जयदेव गिरी जी महाराज किनाला, सतबीरानंद महाराज, माउंट एवरेस्ट विजेता अनीता कुंडू, दीपक गर्ग श्याम भगत झज्जर वाले, जिला पार्षद कर्मकेश कुंडू, एन. के. गोयल श्यामभक्त, महंत गोकुलदास श्याम मंदिर हिसार, कारगिल योद्धा दीपचंद, मास्टर चांदीराम, पूर्व सरपंच दलबीर सिंह, कीर्तिरतन शर्मा, उग्रसेन सेठ, कुलदीप सिंह, अजय कोच, संदीप मलिक, एडवोकेट आशीष जैन, सुनील तायल व सुमित राड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान पंचग्राम के सरपंच, पूर्व सरपंच, नंबरदार व संत-महात्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।
भंडारे व रात्रि जागरण के लिए पधारे श्रद्धालुओं ने मां चण्डके देवी मंदिर में स्थापित मां अन्नपूर्णा, श्री लक्ष्मी-नारायण, श्री राधा-कृष्ण, मां सरस्वती, संतोषी माता, वीर हनुमान, शनिदेव एवं शिव-पार्वती सहित कई मंदिरों के दर्शन किए। दरअसल प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर गांव पाबड़ा के प्राकृतिक वातावरण में बना हुआ है। इस मंदिर के परिसर में ही मनोरम तालाब भी स्थापित है।

# भाजपा ने किसानों पर गोलियां चलाई,आंसू गैस के गोले छोड़े: पाठक

प्रेसवार्ता

8 भाजपा ने हरियाणा के बेटे अरविंद केजरीवाल को षड्यंत्र के तहत जेल में डाला : डॉ. संदीप पाठक




**टीम एक्शन इंडिया/कैथल/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और सांसद डॉ. संदीप पाठक ने मंगलवार को कैथल में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार को घेरा और ह्यजुल्म का जवाब वोट सेह्न कैंपेन लॉन्च किया। प्रेसवार्ता में उनके साथ लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी मौजूद रहे।
डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि हरियाणा और केंद्र में दोनों जगह भाजपा की सरकार है। अब जब फिर से लोकसभा चुनाव के लिए वोट मांगने का समय आया तो ये प्रश्न उठता है कि भाजपा ने हरियाणा की जनता के लिए क्या काम किए? ये जगजाहिर है कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग पर जुल्म किए हैं, इसलिए उस जुल्म का जवाब जनता देगी और जुल्म का एक ही जवाब है जो प्रजातंत्र में वोट से दिया जाता है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र लोकसभा के एक एक घर में जाएंगे।
उन्होंने कहा कि किसान जब दिल्ली जाते हैं तो उन्हें दिल्ली के बोर्डरों पर ऐसे रोका जाता है जैसे दुश्मन देश हमला कर रहा हो। जबकि वो अन्नदाता है जो हमारे लिए सब कठिनाइयां सहकर अन्न उगाता है।
वो किसान जब अपनी मांग लेकर दिल्ली जाता है तो उन पर जो जुल्म भाजपा की सरकार करती है वो जगजाहिर है। भाजपा ने किसानों पर गोलियां चलाई, आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां बरसाई। दिल्ली बॉर्डर पर सैकड़ों किसान शहीद हो गए। इसलिए इस बार जनता किसान पर हुए जुल्म का जवाब वोट से देगी।

# रामनवमी यात्रा में हर श्रद्धालु को धर्म ध्वजा भेंट करेगी कटला रामलीला कमेटी

शोभा यात्रा

8 श्रीराम की ध्वजा लहराते हुए सैकड़ों श्रद्धालु भव्य रामनवमी शोभा यात्रा में लेंगे हिस्सा



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार, 16 अप्रैल (महेंद्र गोयल)**
श्री रामलीला कमेटी कटला के रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत 17 अप्रैल को आयोजित होने वाली भव्य रामनवमी शोभा यात्रा की तैयारियां चरम पर हैं। इस शोभा यात्रा में अलौकिक झांकियां देखने का अवसर मिलेगा। कटला रामलीला कमेटी द्वारा सभी श्रद्धालुओं को धर्म ध्वजा भेंट की जाएंगी। श्रद्धालु शोभा यात्रा में इन ध्वजाओं को लहराते हुए आगे बढ़ेंगे। विशेष बात यह है कि ये धर्म ध्वजाएं श्रद्धालु अपने घर ले जाकर उसे शिखर पर स्थायी रूप से स्थापित कर सकते हैं।
श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरुधाम-जटारीधाम से पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी अपने श्रीमुख से भक्तों को श्रीराम कथा अमृतपान करवा रहे हैं। श्रद्धालुओं में 17 अप्रैल की शोभा यात्रा को लेकर भी काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को महाराजा अग्रसेन भवन में जनकल्याण के निमित प्रातः हवन का आयोजन होगा। इसके उपरांत प्रातः 9.15 बजे श्रीराम जी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से चलकर मुख्य बाजारों से होते हुए वापस अग्रसेन भवन पहुंचेगी। इसके उपरांत दोपहर 12.15 बजे से श्रद्धालुओं के लिए अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा।
श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने भरत मिलाप प्रसंग का बड़ा ही सुंदर वर्णन किया। उन्होंने भरत की श्रीराम के प्रति आस्था का जीवंत चित्रण करके भक्तों को भावविह्वल कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा में ऐसे प्रसंग हैं जिन्हें सुनकर मन व हृदय पुलकित हो उठते हैं। आंखों में अश्रुधारा बहने लगती है। डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कथा सुनते समय जिसका हृदय द्रवित हो उठे वही सच्चा भगत है। उन्होंने कहा कि इंसान अन्य विषयों में उलझा रहता है, उसे धर्म ग्रंथों का स्वाध्याय करना चाहिए। स्वाध्याय से जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है और संकट दूर होते हैं। श्रीराम कथा के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिंदल की प्रतिनिधि शकुंतला राजलीवाला मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही। इस दौरान अश्विनी गर्ग, नरेश जी मंगाली वाले, जय कुमार बंसल, संजय डालमिया, मुकेश जैन (जैन पेट्रोल पंप), डॉ. सुरेश गोयल, दुष्यंत गर्ग, सुरेश गुप्ता पिंकी जी, सजन गुप्ता, सोहनलाल सिंगला, आनंद गुप्ता, मुकेश बंसल व हरीश गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे।

# मां प्रकृति फाउंडेशन ने एक साथ 28 राज्यों में किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
पर्यावरण बचाने की मुहिम के तहत मां प्रकृति फाउंडेशन ने गुरुग्राम समेत देश के 28 राज्यों में पौधा रोपण का कार्य किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इससे यह सन्देश देने की कोशिश की गई कि आज पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण कितना जरूरी है।
मां प्रकृति फाउंडेशन के संस्थापक दिलीप शर्मा ने कहा कि पर्यावरण रक्षा को लेकर हम कश्मीर से कन्याकुमारी तक ग्रीन भारत यात्रा निकालने जा रहे हैं जिसका मकसद है लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना। उन्होंने कहा कि लोगों को हर साल एक पौधा जरूर लगना चाहिए और पौधों की देख भाल की भी जिम्मेवारी लेनी चाहिए। गुरुग्राम में राजीव गांधी स्कूल राजेन्द्र पार्क में पौधारोपण किया गया जिसमें संस्था के संस्थापक एवम् अध्यक्ष दिलीप शर्मा, हेमलता डोगरा, निशा वशिष्ठ, वैभव त्यागी, स्कूल की प्रिंसिपल मिनाक्षी जसोरिया आदि ने भाग लिया। इसी तरह देश के 28 राज्यों में मां प्रकृति फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने पौधारोपण किया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 17अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## पुलिसकर्मी की हत्या करने के जुर्म में चार को उम्रकैद

**नई दिल्ली: दिल्ली के** तीस हजारी कोर्ट ने 2012 में जीबी रोड पर एक वेश्यालय के सामने एक पुलिसकर्मी की चाकू घोपकर हत्या करने और दो को घायल करने के मामले में चार लोगों को उम्रकैद की सजा मुकर्रर की है। एडिशनल सेशंस जज वीरेंद्र कुमार खर्ता ने ये आदेश दिया।कोर्ट ने दो मार्च को इन आरोपितों को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने जिन आरोपितों को दोषी करार दिया था, उनमें आशीष बहुगुणा, सूरज, मनोज और अक्षय शामिल हैं। कोर्ट ने कहा था कि घायल कांस्टेबल संदीप और इरशाद और शिकायतकर्ता हेड कांस्टेबल बलजीत के बयान भरोसे के लायक हैं और ये साबित करने में सफल हैं कि आरोपित दोषी हैं। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 6 दिसंबर 2012 को चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 20 जुलाई 2013 को चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

घटना 10 और 11 सितंबर 2012 की दरम्यानी रात के 12 और सवा 12 बजे के बीच की है। उस रात जीबी रोड पर एक वेश्यालय के सामने चारों आरोपितों ने कांस्टेबल बिजेंद्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बिजेंद्र के अलावा आरोपितों ने दो आरोपितों ने कांस्टेबल संदीप और इरशाद पर भी चाकूओं से वार कर घायल कर दिया। बिजेंद्र की बाद में मौत हो गई। घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने कमला नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 186, 353, 333 और 34 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर दर्ज किया। दिल्ली पुलिस की ओर से वकील पंकज कुमार रंगा जबकि आरोपितों की ओर से वकील शुभम शुक्ला, एसएस त्रिपाठी ने दलीलें रखी थीं।

## कांग्रेसी नेता जय किशन शर्मा के पुत्र प्रवीण शर्मा भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली: दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जय किशन शर्मा के पुत्र डा. प्रवीण शर्मा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए । इसके साथ खुखराइन बिरादरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक आनंद ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे श्रीरामलला: योगी

### हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे, हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया: सीएम योगी

राम के दर पर

8 भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**बिजनौर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल (बुधवार) रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नहटौर में नगीना के लोकसभा उम्मीदवार ओम कुमार के लिए जनसभा कर वोट देने की अपील की। उन्होंने बासंतिक नवरात्रि की अष्टमी तिथि के साथ ही रामनवमी की अग्रिम बधाई दी।

**अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा:** योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया। लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और प्रधानमंत्री मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया।

**अपराधियों के घरों पर जाकर पढ़ते हैं फातिया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है। गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिया पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य।

**भाजपा ने किया महापुरुषों का सम्मान:** योगी ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया।

### तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी

**उन्होंने** कहा कि संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे। शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहेगा। तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। बिजनौर की मेरठ व नजीमाबाद से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। काफी हद तक बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया, शेष का भी जल्द समाधान करेंगे। एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है।

**समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारम्भ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया। समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं। महिला, वृद्धों, दिव्यांगजनों को पेंशन, कन्या सुमंगला योजना के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेसिक शिक्षा परिषद के 1.91 करोड़ बच्चों के लिए फ्री में यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, शॉक्स, मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओम कुमार दो बार से विधायक हैं। वे अपने क्षेत्र में खूब कार्य कर रहे हैं। उनके साथ जनता का आशीर्वाद है। ओम कुमार को दिल्ली पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने सभी मतदाताओं से मतदान करने व अन्य लोगों से भी करवाने का आग्रह किया कि वोट डालने जरूर जाना।

## जनता की सेवा ही हमारा संकल्प : नीरज त्रिपाठी

जनसंपर्क

8 नीरज त्रिपाठी ने तहसील में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं से एवं क्षेत्रीय जनता से जनसम्पर्क किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: इलाहाबाद** संसदीय क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने मंगलवार को कोरांव एवं करछना विधानसभा क्षेत्र के तहसील में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं से एवं क्षेत्रीय जनता से जनसम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा का संकल्प लेकर मैदान में उतरा हूं और आप सभी के आशीर्वाद से भाजपा की प्रचंड जीत हासिल होगी। बता दें कि, भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने जनसम्पर्क अभियान शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उनकी पत्नी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री कविता यादव त्रिपाठी महिलाओं से रूबरू हो रही हैं। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान नीरज त्रिपाठी का भव्य स्वागत किया गया।

## मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन बंद करने के फैसले को कोर्ट ने सही ठहराया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट** के कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन को बंद करने के सेंट्रल वक्फ काउंसिल के प्रस्ताव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने जनरल बॉडी की बैठक में फाउंडेशन को बंद करने के बारे में लिये गए फैसले को नियमों के मुताबिक सही ठहराया है। हाई कोर्ट ने 13 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा कि




अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षिक और व्यावसायिक जरूरतों के हित में काम करता है। ऐसे में याचिकाकर्ता का ये कहना गलत है कि मंत्रालय की ओर से किया गया कार्य मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन की तरह नहीं है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन को बंद करने के फैसले का बचाव करते हुए कहा था कि इस फाउंडेशन की स्थापना तब हुई थी, जब अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय नहीं था। केंद्र सरकार ने कहा कि जब अल्पसंख्यकों के विकास के लिए सरकार काम कर रही है तो ये काम किसी और को नहीं दिया जा सकता है।

## दिग्विजय सिंह ने नामांकन फार्म जमा किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश के चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अपनी-अपने सीट से नामांकन कर रहे हैं। मंगलवार को राजगढ़ सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने साधारण तरीके से अपना नामांकन फार्म जमा किया जहां इस बार कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से लेकर सभी बड़े नेता पहुंच रहे हैं, वहीं दिग्विजय सिंह के नामांकन में एक भी बड़े नेता नहीं दिखे। हालांकि दिग्विजय सिंह ने दो दिन पहले ही कार्यकर्ताओं को नामांकन में नहीं पहुंचने के लिए आग्रह किया था। दिग्विजय सिंह ने शुभमुहूर्त में अपना नामांकन जमा किया। इस दौरान दिग्विजय सिंह के साथ समर्थकों का कोई भी लाव लश्कर मौजूद नहीं था। महज 5 लोग मौजूद थे, जिसमें दिग्विजय सिंह, पत्नी अमृता सिंह, अधिवक्ता, एक मजदूर व एक किसान थे।

नामांकन

8 दो दिन पहले ही कार्यकर्ताओं को नामांकन में नहीं पहुंचने के लिए आग्रह किया था

**36 साल बाद राजगढ़ से लड़ रहे हैं लोकसभा चुनाव:** गौरतलब है कि एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह 33 साल बाद राजगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। यह सीट दिग्विजय सिंह परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां से दिग्विजय सिंह खुद 2 बार, जबकि उनके छोटे भाई लक्ष्मण सिंह 4 बार सांसद चुने जा चुके हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने इस बार दिग्विजय सिंह को फिर से इस सीट से चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि उनके प्रतिद्वंदी के रूप में बीजेपी ने रोडमल नागर को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## इस बार चुनाव की पिच से आउट है गैरसैंण का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कर्णप्रयाग (चमोली):** राज्य बनने के बाद पांचवां लोकसभा चुनाव हो रहा है। इससे पहले लोकसभा हो या विधानसभा हर चुनावी पिच पर राजनीतिक दल गैरसैंण के मुद्दे को कभी बैक तो कभी फ्रंट फुट पर खेलते रहे हैं, लेकिन इस बार ग्रीष्मकालीन राजधानी बनने के बाद पहली बार गैरसैंण का मुद्दा चुनावी पिच से बाहर पवेलियन में है। केवल यूकेडी ही गैरसैंण के सवाल को उठा रही है। राज्य आंदोलनकारी महेश जुयाल कहते हैं, यूकेडी द्वारा 1980 में यहां बीरचंद्र सिंह गढ़वाली नगर गैरसैंण को राजधानी प्रस्तावित की



गई। 90 के दशक में चले उत्तराखंड आंदोलन में गैरसैंण को ही राजधानी माना। चिह्नित राज्य आंदोलनकारी समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरिकृष्ण भट्ट कहते हैं, जिस भावना से राज्य बना उसके केंद्र में गैरसैंण राजधानी रहा। लेकिन, राज्य बनने के बाद कई राजनीतिक दलों ने पहाड़ चढ़ने की इच्छाशक्ति नहीं दिखाई और राजधानी के मसले को आयोगों के कुएं में धकेल दिया।

**टेंट से सदन और सत्र से ग्रीष्मकालीन राजधानी तक चला सियासी ड्रॉमा:** वर्ष 2012 में तत्कालीन विधायक डॉ. अनुसूया प्रसाद मैखुरी, तब सांसद रहे सतपाल महाराज, मुख्यमंत्री रहे विजय बहुगुणा ने गैरसैंण में विधानसभा भवन बनाने की बात कह डाली। पूर्व सीएम हरीश रावत ने इसे आगे बढ़ाया, लेकिन राजधानी के लिए हजारों करोड़ की धनराशि की डिमांड तत्कालीन केंद्र सरकार से कर डाली। विधान भवन और विधायक आवास बनने के बाद यहां चंद दिनों के सत्र होते रहे।

2017 के बाद सीएम बने त्रिवेंद्र सिंह ने भी इसमें एक कदम और आगे बढ़ाया और ग्रीष्मकालीन राजधानी बना दी।

## इंदौर: पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, कई घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर:** इंदौर की एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। अभी कुछ लोग घायल बताए बताए जा रहे हैं। मौके पर प्रशासन और पुलिस की टीम पहुंचकर तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचा रही है। बताया जा रहा है कि पास के घर में रखे ज्वलनशील पदार्थ में आग लगने के कारण फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ है। सिमरौल थाना क्षेत्र के आंबा चंदन गांव की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। यहां एक कमरे में केमिकल रखा था जिसमें आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

## आप ने चार सीटों पर की उम्मीदवारों की घोषणा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी की तरफ से जालंधर, लुधियाना, गुरदासपुर और फिरोजपुर सीट से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई। पार्टी ने अपने तीन विधायकों को मैदान में उतारा है। पहले भी आप अपने पांच मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतार चुकी है। इसके साथ ही आप की तरफ से प्रदेश में सभी उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया गया है। आम आदमी पार्टी ने जालंधर से पवन टीनू को टिकट दिया है। इससे पहले पार्टी ने जालंधर से सुशील रिंकू को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन वह भाजपा में शामिल हो गए। अब भाजपा ने भी इसी सीट से उनको उम्मीदवार बना दिया है। पूर्व अकाली विधायक पवन टीनू रविवार को आप में शामिल हुए थे।

टिकट मिलते ही टीनू निर्मल कुटिया सीचेवाल पहुंचे और राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह जी सीचेवाल से आशीर्वाद लिया।

ताल ठोकेंगे

8 पार्टी ने अपने तीन विधायकों को मैदान में उतारा है। पहले भी पांच मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतार चुकी है

गुरदासपुर से पार्टी ने अपने विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी को प्रत्याशी बनाया है।

**फिरोजपुर से काका बराड़ मैदान में:** फिरोजपुर से आप ने जगदीप सिंह काका बराड़ को मैदान में उतारा है। वे मुक्तसर साहिब से विधायक हैं। काका बराड़ ने राजनीति की शुरूआत 2002 में आजाद प्रत्याशी के तौर पर नगर काउंसिल चुनाव लड़ते हुए की थी और वे अपना पहला चुनाव जीतकर पार्षद बने थे। 2007 में उन्होंने शिअद की ओर दूसरा नगर काउंसिल चुनाव लड़ा और जीत गए। 2012 में वे आप में शामिल हो गए थे।

## मतदाता खामोश, अजय टम्टा को मोदी मैजिक पर विश्वास...

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल:** प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों में से एकमात्र आरक्षित अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट पर दो चिर प्रतिद्वंद्वियों अजय टम्टा और प्रदीप टम्टा समेत सात प्रत्याशी मैदान में हैं। आश्चर्यजनक रूप से इस बार मतदाता बेहद खामोश है और चुनाव को लेकर भी कोई प्रतिक्रिया चौक, चौराहे और चाय की दुकानों पर व्यक्त नहीं कर रहा है। सबसे कम मतदाताओं वाली इस सीट पर प्रत्याशियों के सामने जनता के कई पुराने मुद्दे हैं, जिनसे प्रत्याशियों को पार पाना होगा।



जीतेगा वही होगा जो वोटर के दरवाजे पर पहुंचेगा और समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाने में कामयाब होगा। ऐसी स्थिति में संगठन और जुझारू कार्यकर्ताओं की मेहनत ही जीत की गारंटी होगी। भाजपा ने पिछले दो चुनाव जीत रहे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा पर दांव लगाया है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा पर भरोसा जताया है। अजय टम्टा दो बार से यहां सांसद हैं। लिहाजा, उनके लिए चुनौतियां ज्यादा बड़ी होंगी। उन्हें जनता से किए पुराने वादों का हिसाब देने के साथ ही किए हुए काम भी गिनाने पड़ रहे हैं। अजय टम्टा और उनके समर्थकों को भरोसा है कि इस बार भी मोदी मैजिक और डबल इंजन की सरकार के सहारे उनकी जीत तय है। भाजपा और संघ का मजबूत संगठन भी उनके लिए जीत की पटकथा लिखने की कोशिश में जुटा है। प्रचार के मामले में अजय टम्टा कांग्रेस के प्रदीप टम्टा से 20 पड़ रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उनके समर्थन में यहां रैलियां कर चुके हैं।

दांव

8 सबसे कम मतदाताओं वाली इस सीट पर प्रत्याशियों के सामने जनता के कई पुराने मुद्दे हैं

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में चौतरफा गिरावट

**नई दिल्ली: क्रिप्टो** करेंसी मार्केट में मंगलवार को हाहाकार मचा हुआ है। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से कोई भी आज ग्रीन जोन में नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत सभी क्रिप्टो करेंसीज लगातार रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज की गिरावट के कारण बिटकॉइन ढाई हजार डॉलर से ज्यादा लुढ़क कर 63 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे पहुंच गया है।

## गैस सिलेंडर फटने से लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेतिया:** बिहार के बेतिया में गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि आग लगने की घटना में 40 घर चलकर राख हो गए। दो परिवारों के घर में बेटी की शादी होनी थी, लेकिन आग ने दोनों परिवारों द्वारा जुटाया गया सामान, कपड़े और तैयारी सब को बर्बाद कर दिया। घटना के बाद से पीड़ित परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है। यह घटना बगहा पुलिस जिले के बथवरिया थाना क्षेत्र के टेसरहिया बथवरिया गांव की है जानकारी के अनुसार, बथवरिया थाना क्षेत्र के टेसरहिया बथवरिया में सोमवार की देर रात अचानक गैस सिलेंडर फट जाने के कारण आग लग गई।

तवज्जो नहीं

इन हालात का एक स्पष्ट कारण यह है कि मुस्लिम समुदाय का वोट न तो स्थिर है और न ही संगठित

## फिर भी भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों में कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्यप्रदेश की कुल 29 लोकसभा सीटों से करीब आधी ऐसी हैं, जिन पर मुस्लिम बहुलता है। 10 प्रतिशत से ज्यादा वोटर्स रखने वाली कई विधानसभाएं ऐसी भी हैं, जिनमें जीत या हार के निर्णायक वोट इसी समुदाय से होते हैं। बावजूद इसके इस बड़ी तादाद के लिए न भाजपा किसी प्रयास को आगे बढ़ाती है और न ही इस कौम को अपना वोट बैंक मानकर चलने वाली कांग्रेस ही इनकी तरफ कोई तवज्जो दे रही है। इन हालात का एक स्पष्ट कारण यह है कि मुस्लिम समुदाय का वोट न तो स्थिर है और न ही संगठित। अपनी डफली, अपनी राग के साथ कई टुकड़ों में बंटे हुए वोट से किसी को एकमुश्त राहत दिखाई नहीं देती है।



**वर्ष 2023 की स्थिति में:** मध्यप्रदेश की आबादी 8.77 करोड़ है। इसका 6.57 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, जो लगभग 60 लाख है। इनमें करीब 50 लाख मतदाता हैं। मप्र में 230 विधानसभा में से करीब 45 विधानसभा ऐसी हैं, जहां 20 हजार से अधिक (करीब 10 प्रतिशत) मुस्लिम मतदाता हैं। प्रदेश में 70 से अधिक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां विधानसभा में 57 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं, लेकिन सीट आरक्षित होने के बावजूद जीत हार में निर्णायक भूमिका में होते हैं। जैसे निमाड़ मालवा के आरक्षित क्षेत्र जहां 1000 या 2000 से हार जीत होती है। यहां इस वर्ग ने कांग्रेस की जीत को हमेशा मजबूती प्रदान की है। मुस्लिम बहुल कही जाने वाली इन 33 सीटों पर कुल मुस्लिम वोट लगभग 15 लाख हैं, जो कुल वोटर का 1 से 2 प्रतिशत होते हुए भी सरकार बनाने या बिगाड़ने का काम करते हैं। प्रदेश के करीब 50 लाख से ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं का करीब 70 से 72 प्रतिशत वोट इंदौर और उज्जैन संभाग में मौजूद है।

इनमें इंदौर संभाग की इंदौर एक और इंदौर पांच, महू, राऊ, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर विधानसभा शामिल हैं।

निर्णायक वोट

8 मुस्लिम बहुल कही जाने वाली इन 33 सीटों पर कुल मुस्लिम वोट लगभग 15 लाख हैं